बुधवार, 29 अप्रैल 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 24 – 32 |
| आर्द्रता | 80% |
| सूर्योदय: 05:06 | सूर्यास्त: 18:01 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये



महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 9

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

सुविचार : सच बोलनेवाले की ताकत रखनेवाले अकेले चलना भी जानते हैं।



## कॉमेडियनों को धमकाना निंदनीय कृत्य

आज सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के दौर में पूरी दुनिया में गहरे तंज करती डिजिटल सामग्री का उफान है। जो दुनिया की भौगोलिक सीमाओं और सत्ता के शिकंजे से मुक्त होकर स्वतंत्र प्रवाह लिए हुए है। लेकिन इसके बावजूद देश में स्टैंडिंग कॉमेडियनों और व्यंग्यकारों के लिए राजनेताओं पर व्यंग्य करना तलवार की धार पर चलने जैसा बना हुआ है। 'नाक पर मक्खी न बैठने देने' वाले सत्तारूढ़ राजनेता कॉमेडियनों पर शिकंजा कसने को तैयार बैठे होते हैं। इसी कड़ी में हैदराबाद के कॉमेडियन शरत उदय के बेंगलुरु स्थित स्टैंड-अप शो में शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी यानी टीडीपी के समर्थकों के एक समूह ने मंच पर आकर जो उत्पात मचाया, निस्संदेह वह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। टीडीपी के समर्थकों ने मंच पर आकर उन्हें तेलुगु देशम पार्टी के नारे लगाने को बाध्य किया। इस हुड़दंग से यह कार्यक्रम बाधित हो गया। इसके चलते न केवल उदय को अपना कार्यक्रम रोकना पड़ा, बल्कि एक बार फिर माफी मांगनी पड़ी। दरअसल, दो साल पहले उदय के व्यंग्यात्मक चुटकुलों के जरिये आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उनके बेटे राज्य मंत्री नारा लोकेश को लक्षित किया गया था। निस्संदेह,यह अभिव्यक्ति व रचनात्मकता पर अंकुश लगाने का कुत्सित प्रयास ही कहा जाएगा। सही मायनों में यह घटनाक्रम हास्य-व्यंग्यपूर्ण असहमति के प्रति बढ़ती असहनशीलता का एक और उदाहरण है। गाहे-बगाहे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग राजनीतिक दलों द्वारा ऐसी अलोकतांत्रिक प्रतिक्रियाएं सामने आती ही रहती हैं। जबकि हकीकत यह है कि हास्य का संसार बड़े लोगों की सहिष्णुता व उदारता से ही फलता -फूलता है। खासकर उस भारतीय समाज में जहां अकसर कबीरदास की यह उक्ति दोहरायी जाती है - 'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय। बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।' उनका कहना था कि आलोचक हमारी कमियां बताकर हमारे स्वभाव को शुद्ध और निर्मल बना देते हैं। सही मायनों में व्यंग्य व हास्य इंसान की सहज अभिव्यक्ति के तौर पर लिया जाना चाहिए।

निश्चित रूप से यदि हमारे राजनेता व बड़े लोग व्यंग्य या आलोचना को सहजता से लेते हैं तो इससे समाज में हास्य-विनोद भरपूर फलता-फूलता है। विशेष रूप से राजनीतिक व्यंग्य भारत में लंबे समय तक सत्ता को आईना दिखाता रहा है। पंडित नेहरु जैसे नेता कार्टूनिस्टों की तल्ख अभिव्यक्ति को सहजता से लेते थे और व्यंग्यकारों का सम्मान करते थे। धीर-गंभीर राजनेता आलोचना को जनता की नसीहत मानते रहे हैं। कालांतर राजनेताओं की इस सोच में पराभव देखा गया है। विडंबना ही है कि वर्ष 2024 में नायडू व लोकेश पर किए गए व्यंग्य के लिये उदय को फिर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को मजबूर किया गया। यह अशोभनीय प्रयास यही दर्शाता है कि वर्ग विशेष में असहमति को राजनीतिक उद्देश्यों के लिये हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उदय प्रकरण भी इसी दुखद स्थिति के सिलसिले का हिस्सा है। हाल ही में कॉमेडियन अनुदीप कटिकाला और रफीक मोहम्मद को आंध्र प्रदेश पुलिस ने उन वीडियो के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जिसमें उन्होंने उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण पर व्यंग्य किया था। बीते साल मार्च में, शिवसेना कार्यकर्ताओं ने मुंबई के एक होटल में तब तोड़फोड़ की थी, जब महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पक्षद्रोही कहा था। निर्विवाद रूप से यदि व्यंग्य-विनोद पर पाबंदी लगायी जाती है और कलाकारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति को बाधित किया जाता है तो इसका प्रभाव सिर्फ एक शो को ही बाधित नहीं करता। बल्कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांत पर ही चोट करता है। सही मायनों में यह दिक्कत कॉमेडी करने वालों से नहीं है, बल्कि राजनेताओं के असुरक्षाबोध में है, जो उन पर लोगों का हंसना बर्दाश्त नहीं कर पाते। ऐसे में राजनेताओं का नैतिक दायित्व है कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र अभिव्यक्ति के मर्म को समझें। इसके लिये वे अपने अति-उत्साही समर्थकों पर लगाम लगाएं। लेकिन विडंबना यह भी है कि पुलिस भी सत्ता की राजनीति के आगे नतमस्तक नजर आती है। कायदे से उसे भारतीय संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा करनी चाहिए। यदि पुलिस दायित्वों का ईमानदारी से पालन करती तो उदय जैसे कलाकारों को माफी न मांगनी पड़ती।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 अप्रैल, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 19:54 तक, नक्षत्र : हस्त, 24:13 तक, योग : हरषाना, 20:48 तक, सूर्योदय: 05:06, सूर्यास्त: 18:01, चन्द्रोदय : 16:43, चन्द्रास्त: 03:59, शक सम्वतः 1948 पराभव, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 12:11 से 13:47

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए दरवाजे खोलने वाला साबित होगा। करियर में अचानक उछाल देखने को मिलेगा, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**वृष :** आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा और आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसमें सफलता के संकेत दिखाई देंगे। जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट आपके रिश्ते में मिठास घोल देगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए कुछ खास कर दिखाने का संकेत दे रहा है। आपके अंदर नई ऊर्जा और उत्साह रहेगा, जिससे आप अपने कामों को अलग पहचान देने में सफल होंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आएगा। जीवनसाथी का पूरा सहयोग और साथ आपको मानसिक शांति देगा। रिश्तों में फिर से मिठास आएगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन सावधानी से भरा रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ लोग आपके खिलाफ साजिश रच सकते हैं, इसलिए सतर्क रहकर अपने काम को ईमानदारी से करना होगा।

**कन्या :** आज आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आ सकते हैं, जिन्हें टालना संभव नहीं होगा, लेकिन आपकी समझदारी आपको सही निर्णय लेने में मदद करेगी। निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी।

**तुला :** आज आपको अपने कामों में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। मन में चल रही उलझनें आपको थोड़ा परेशान कर सकती हैं, लेकिन यदि आप शांत रहकर निर्णय लेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए खुशियों और संतोष से भरा रहेगा। आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती नजर आएगी। लेन-देन में सावधानी बरतना जरूरी है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक और अनुकूल रहेगा। नौकरी बदलने के प्रयास सफल हो सकते हैं और रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके प्रभाव और सम्मान में वृद्धि लेकर आएगा। आपके नए प्रयास सफल होंगे और मेहनत का पूरा फल मिलेगा। लंबे समय से आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और सकारात्मक परिणामों से भरा रहेगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जो शुरुआत में आपको भारी लगेगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए आध्यात्म और अच्छे कर्मों से जुड़कर नाम कमाने का रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह लेंगे, जिससे आपके निर्णय बेहतर होंगे।

# पंजाब में शुरू हुआ 'आप' का काउंटडाउन?



योगेश कुमार गोयल

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित 7 सांसदों का भाजपा में विलय केवल एक खबर नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के 7 सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है। यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढ़हने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

### 'आप' के अस्तित्व पर खड़ा सबसे बड़ा सवाल

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं। संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

### दो टूक

**पंजाब की राजनीति और 2027 का रण**

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी। यह बदलाव केवल संख्या का नहीं बल्कि भरोसे और प्रभाव का क्षरण है। सबसे बड़ी चुनौती भगवंत मान के सामने है। यह उनके नेतृत्व और राजनीतिक संतुलन की सीधी परीक्षा है। राघव चड्ढा को लंबे समय तक सरकार और संगठन के बीच रणनीतिक कड़ी माना जाता रहा, उनके हटने से यह संतुलन डगमगाता दिख रहा है। दूसरी ओर, भाजपा इस घटनाक्रम को अवसर में बदलने की कोशिश में है। भाजपा पंजाब में हमेशा से एक 'छोटा भाई' (अकाली दल के साथ) बनकर रही है लेकिन 7 सांसदों के आने से, जिनमें सिखों और उद्योगपतियों का प्रतिनिधित्व है, भाजपा अब 2027 में 'अकेले दम' पर सरकार बनाने का सपना देख रही है। अब तक सहयोगी राजनीति तक सीमित रही भाजपा अब पंजाब में स्वतंत्र शक्ति बनने की दिशा में आक्रामक कदम बढ़ाती दिख रही है और 2027 का रण अब पहले से कहीं अधिक खुला और अनिश्चित हो गया है।

**क्या खत्म हो जाएगी 'आप'?**

इतिहास गवाह है कि क्षेत्रीय दल जब ऐसे बड़े विद्रोह का सामना करते हैं तो अक्सर वे या तो बिखर जाते हैं या फिर सिमटकर रह जाते हैं लेकिन आप की स्थिति थोड़ी भिन्न है। इसका सबसे बड़ा कारण है अरविंद केजरीवाल का व्यक्तित्व। आम आदमी पार्टी का आधार अरविंद केजरीवाल की 'व्यक्तिगत ब्रांडिंग' पर टिका है। जब तक दिल्ली और पंजाब जैसे अहम राज्यों में उनका जनाधार सुरक्षित है, तब तक 'आप' का पूर्ण पतन लगभग असंभव प्रतीत होता है। इसके समानांतर, 'आप' की ताकत उसका विकसित कैडर ढांचा है। आप ने पिछले एक दशक में एक मजबूत कैडर तैयार किया है। हालांकि शीर्ष स्तर पर योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण और अब राघव चड्ढा जैसे प्रमुख चेहरों का अलग होना पार्टी को बड़ा झटका देता है लेकिन जमीनी कार्यकर्ता अब भी पार्टी की विचारधारा से जुड़े हैं। एक वैकल्पिक, जनोन्मुख और व्यवस्था-विरोधी नेता की केजरीवाल की छवि अब भी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी बनी हुई है।

**राष्ट्रीय राजनीति में बदलता खेल**

राष्ट्रीय राजनीति के व्यापक परिप्रेक्ष्य में यह घटनाक्रम सत्ता-संतुलन को निर्णायक रूप से प्रभावित करता है। राज्यसभा में सात सांसदों के जुड़ने से भाजपा की स्थिति और सुदृढ़ हुई है, जिससे अब महत्वपूर्ण विधेयकों के पारित होने में उसकी छोटे दलों पर निर्भर रहने की बाध्यता कम हो गई है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन के लिए यह स्पष्ट झटका है क्योंकि 'आप' इस गठबंधन की मुखर आवाज रही है। सबसे गंभीर आघात 'आप' की वैचारिक विश्वसनीयता पर पड़ा है। जो पार्टी 'ईमानदार राजनीति' को अपनी पहचान मानती रही, उसी के भीतर से वैचारिक विचलन और आरोपों का उठना उसके नैरेटिव को कमजोर करता है। यह स्थिति नेतृत्व शैली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है, लगातार बड़े चेहरों का अलग होना इस ओर संकेत करता है कि संवाद की कमी और निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण आंतरिक असंतोष को जन्म दे रहा है। राष्ट्रीय विस्तार की महत्वाकांक्षा पर भी इसका प्रभाव पड़ना तय है। दिल्ली और पंजाब से आगे बढ़ने की जो रणनीति थी, वह अब धीमी पड़नी तय है, विशेषकर तब, जब पंजाब, जो 'आप' का सबसे मजबूत गढ़ है, स्वयं इस राजनीतिक भूकंप के केंद्र में आ खड़ा हुआ है।

**आप के लिए अग्निपरीक्षा का समय**

यह कहना जल्दबाजी होगी कि 7 सांसदों के जाने से आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी। राजनीति में रिक्तियां हमेशा भर दी जाती हैं। हालांकि यह निश्चित है कि आप अब अपनी सबसे कठिन अग्निपरीक्षा से गुजर रही है। यदि अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान अगले कुछ महीनों में पंजाब और दिल्ली के कैडर को एकजुट रखने में विफल रहे तो 2027 का चुनाव उनके लिए एक राजनीतिक ढ़लान साबित हो सकता है। दूसरी ओर, भाजपा ने इस 'मास्टरस्ट्रोक' के जरिए यह संदेश दे दिया है कि वह दिल्ली और पंजाब की सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। बहरहाल, 'आप' के लिए चुनौती अब केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि अपने अस्तित्व और साख को बचाए रखना है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# बदलाव के इस दौर में भारत ने सिर्फ समझौता नहीं, संबंध रचे



प्रो. आरके जैन

वैश्विक अर्थव्यवस्था के बदलते प्रवाह के बीच 27 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वह ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने एक नए युग का संकेत दिया। यह केवल औपचारिक करार नहीं, बल्कि भारत की संतुलित शक्ति, रणनीतिक परिपक्वता और दूरदर्शी नेतृत्व का सशक्त प्रमाण है। इस समझौते से भारतीय निर्यात की सभी 8,284 टैरिफ लाइनों पर 100% शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से अभूतपूर्व अवसर खुले हैं। वहीं न्यूजीलैंड के लगभग 95% निर्यात मूल्य पर शुल्क में कमी या समाप्ति की राह भी बनी है। यह वही क्षण है, जहां तीव्र गति से बढ़ते अवसर और सजग संरक्षण की समझ साथ-साथ आगे बढ़ रही है।

परिवर्तन की तेज़ रफ्तार के बीच यह समझौता भारत की औद्योगिक धड़कनों में नई शक्ति का संचार करता दिखाई देता है, जहां उत्पादन आधारित क्षेत्र इसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरते हैं। टेक्सटाइल, परिधान, चमड़ा, जूता और इंजीनियरिंग उत्पाद अब शून्य शुल्क के साथ न्यूजीलैंड के बाजार में प्रवेश करेंगे, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त कई गुना सशक्त होगी। पहले जो औसत 2.2 प्रतिशत शुल्क एक अदृश्य अवरोध की तरह सामने आता था, वह अब पूरी तरह समाप्त हो चुका है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा महिला-नेतृत्व वाले व्यवसायों के लिए यह बदलाव केवल अवसर नहीं, बल्कि एक नए युग का संकेत है। अनुमानित 20 बिलियन डॉलर का निवेश आने वाले वर्षों में रोजगार, नवाचार और तकनीकी प्रगति को नई गति दे सकता है।

दूरियों को अवसर में बदलती यह पहल व्यापार की सीमाओं से आगे बढ़कर मानव संसाधन के वैश्विक विस्तार को नई दिशा देती है। न्यूजीलैंड द्वारा 5000 भारतीय पेशेवरों के लिए विशेष वीजा कोटा तथा 1000 कार्य-अवकाश वीजा इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि भारतीय कौशल अब विश्व की प्रमुख आवश्यकता बन चुका है। सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, अभियंत्रण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों के युवा तीन वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय कार्यानुभव अर्जित कर सकेंगे। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण तथा गणित (स्टेम) के विद्यार्थियों के लिए सरल कार्य-अधिकार इस सहयोग को और मजबूत बनाते हैं। यह पहल केवल रोजगार का अवसर नहीं, बल्कि भारतीय युवाओं के आत्मविश्वास को वैश्विक पहचान में बदलने का सशक्त माध्यम है।

- **दुनिया के बदलते आर्थिक अध्याय में भारत का नया शीर्षक**
- **भारत-न्यूज़ीलैंड समझौताः केवल व्यापार नहीं, भरोसे की नई धारा**

संतुलित नीतिगत सूझबूझ का सबसे सशक्त प्रतिबिंब इस समझौते में कृषि क्षेत्र के प्रति बरती गई संवेदनशीलता में दिखाई देता है। डेयरी उत्पादों (दूध, चीज, दही आदि), चीनी, प्याज, चना और अन्य प्रमुख संवेदनशील कृषि वस्तुओं को बाहर रखते हुए भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि किसानों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। न्यूजीलैंड के मजबूत डेयरी उद्योग से संभावित चुनौती को दूरदर्शिता से टाला गया है। इसके बदले हॉर्टिकल्चर, कीवी, सेब और शहद जैसे क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग और कोटा-आधारित रियायतों का रास्ता चुना गया है, जिससे भारतीय कृषि को नई तकनीक और उत्पादकता का लाभ मिलेगा। यह दर्शाता है कि उदारीकरण तभी सार्थक होता है, जब उसके साथ संरक्षण का विवेकपूर्ण संतुलन जुड़ा हो।

संरचना की व्यापकता और दृष्टि की गहराई में यह समझौता आधुनिक आर्थिक साझेदारी का सशक्त प्रतिमान बनकर उभरता है। 20 अध्यायों में विन्यस्त यह ढांचा मूल नियमों, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, स्वच्छता एवं पादप-स्वच्छता मानकों, तकनीकी अवरोधों और विवाद निवारण जैसी जटिल व्यवस्थाओं को सरल, स्पष्ट और पारदर्शी स्वरूप देता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विशेष प्राथमिकता देकर उन्हें वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने का ठोस मार्ग तैयार किया गया है। कृषि प्रौद्योगिकी, लॉजिस्टिक्स और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में संभावित 20 बिलियन डॉलर का निवेश भारत को एक उभरते वैश्विक खाद्य केंद्र के रूप में स्थापित कर सकता है, जहां केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि मूल्य संवर्धन भी प्रमुख आधार बनेगा।

सफलता की असली कसौटी कागज़ी समझौतों में नहीं, बल्कि उनके ठोस क्रियान्वयन में परिलक्षित होती है। अपेक्षित है कि संसदीय अनुमोदन के बाद यह समझौता 2026 के अंत तक प्रभावी हो जाएगा, किंतु इसके वास्तविक लाभ तभी सामने आएंगे जब भारत अपनी लॉजिस्टिक्स व्यवस्था, गुणवत्ता मानकों और वैश्विक विपणन रणनीतियों को सुदृढ़ बनाएगा। तकनीकी हस्तांतरण और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों और उद्योगों तक ठोस लाभ पहुंचाना अनिवार्य होगा। वैश्विक व्यापार की तीव्र प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं के बीच यह समझौता भारत को स्थिरता और विस्तार, दोनों का सशक्त आधार प्रदान कर सकता है।

रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में यह समझौता भारत की परिपक्व आर्थिक सोच का द्योतक है। अब भारत केवल बाजार खोलने वाला निष्क्रिय राष्ट्र नहीं, बल्कि अपने हितों को केंद्र में रखकर शर्तों को गढ़ने और दिशा देने वाला आत्मविश्वासी तथा निर्णायक सहभागी बन चुका है। सूचना प्रौद्योगिकी, वस्त्र और अन्य निर्यात क्षेत्रों को मिला 20 बिलियन डॉलर का प्रोत्साहन, 5000 पेशेवरों के लिए विशेष अवसर और द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य इस परिवर्तन की स्पष्ट और प्रभावशाली अभिव्यक्ति हैं। साथ ही किसानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए यह मॉडल समावेशी, संतुलित और टिकाऊ विकास की दिशा में एक सुदृढ़ कदम सिद्ध होता है।

यहीं से एक नए आर्थिक अध्याय की असली तस्वीर उभरती है-यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की दूरदर्शिता, आत्मविश्वास और संतुलित नीति-निर्माण की परिपक्वता का तीव्र और प्रभावशाली प्रमाण बनकर सामने आता है। यदि इसका क्रियान्वयन दृढ़ संकल्प, सटीक रणनीति और अटूट प्रतिबद्धता के साथ किया गया, तो यह केवल व्यापारिक विस्तार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में एक निर्णायक, विश्वसनीय और प्रभावकारी शक्ति के रूप में स्थापित कर सकता है। यह वह क्षण है, जहां भारत अवसरों का उपभोग करने भर तक सीमित नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ते हुए भविष्य की दिशा को स्वयं आकार देने वाला सक्रिय शिल्पकार बन चुका है।

-शिक्षाविद्

## विदेश

### दक्षिण कोरिया की अदालत ने अपदस्थ राष्ट्रपति यून की पत्नी को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराया

**सियोल :** दक्षिण कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति यून सुक येओल की पत्नी को भ्रष्टाचार के आरोप में दी गई सजा को अपीली अदालत ने बढ़ाकर चार साल कर दिया है। यून को विद्रोह के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के लगभग दो महीने बाद यह फैसला सुनाया गया है। जनवरी में, पूर्व प्रथम महिला किम केओन ही को जिला अदालत ने 20 महीने की सजा सुनाई थी। उन पर आरोप था कि उन्होंने चर्च से राजनीतिक लाभ के वादे के बदले उपहार स्वीकार किए, जिनमें हीरे का हार और एक बैग शामिल था। हालांकि, उन्हें उस स्टॉक मूल्य हेरफेर योजना में संलिप्तता से बरी कर दिया गया, जो उनके प्रथम महिला बनने से पहले की घटना से जुड़ी थी। दोनों पक्षों ने अपील दायर की थी, और मंगलवार को सियोल उच्च न्यायालय ने उन्हें चर्च से एक और बैग लेने तथा शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोप में दोषी ठहराते हुए उनकी सजा बढ़ाकर चार वर्ष कर दी। दिसंबर 2024 में मार्शल लॉ लागू किए जाने के बाद यून विवादों में फंस गए। उन पर महाभियोग चलाया गया और अंततः उन्हें पद से हटा दिया गया। यून को मार्शल लॉ की विफलता और अन्य घोटालों से संबंधित कई आपराधिक मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। जांचकर्ताओं का कहना है कि यून के मार्शल लॉ लागू करने में किम शामिल नहीं थीं। सियोल उच्च न्यायालय ने कहा कि राष्ट्रपति के सबसे करीबी होने के नाते, प्रथम महिला अपने पति के साथ मिलकर देश का प्रतिनिधित्व करती हैं और उन पर उनका काफी प्रभाव होता है। अदालत ने कहा कि किम अपनी ईमानदारी को लेकर जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरीं और इसके बजाय उन्होंने चर्च से उपहार प्राप्त करने के लिए अपनी हैसियत का दुरुपयोग किया।

### पाक सेना ने अफगान तालिबान की चौकियों पर जवाबी हमले किए

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने मंगलवार को अफगान तालिबान के कथित बिना उकसावे वाले हमलों और सीमा पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के हमलों का जवाब दिया। एक खबर में यह जानकारी दी गई। 'ऑपरेशन गजब लिल हक' में कुछ दिन के विराम के बाद ये हमले हुए। यह अभियान पाकिस्तान ने 26 फरवरी को अफगान तालिबान द्वारा सीमा चौकियों पर किए गए हमलों के जवाब में शुरू किया था। सुरक्षा सूत्रों का हवाला देते हुए, 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार ने बताया कि पाकिस्तान सेना की जवाबी गोलीबारी में अफगान तालिबान और 'फितना अल-खवारिज' को निशाना बनाया गया।

## वर्ग पहेली नं. 3424

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | | ■ | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 |
| | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | | ■ | 22 | | 23 | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 24 | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | 28 | | ■ | 29 | | ■ | | ■ |
| | ■ | 30 | | | | ■ | 31 | | |

*बायें से दायें:-* 1) औलाद, 3) मैना नामक पक्षी, 5) व्यक्तिगत, 6) ओर, 7) देशस्तरीय, 8) निकम्मा; निरर्थक 9) अँगूठा, 10) नियंत्रण, 12) बिछौना, 14) कंठस्थ, 16) चैन; छुटकारा, 18) दुष्ट, 20) दबोच, 21) परत, 22) एक दिशा, 24) संकट, 25) धीरे से खिसकना, 27) नियमबाह्यता, 29) इज़्ज़त; सम्मान, 30) एक मसाला, 31) अनुमान.

*ऊपर से नीचे:-* 2) अस्तव्यस्त, 3) बेदाग़, 4) क़ैदख़ाना, 5) स्वाद, 8) दीन और निस्सहाय, 11) क़साईख़ाना, 13) चौकीदार, 15) डग *(घोड़ा)*, 17) टोका-टोकी, 19) विनाश, 23) बुरी आदत, 24) परिवर्तन, 26) कृष्ण, 27) दरख्वास्त, 28) शपथ; वचन, 29) अर्थ.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ष | म | ता | ■ | प | ह | ला | ■ | म |
| भू | ■ | ■ | ब | स | र | ■ | त | स्क | र |
| ति | ल | क | ■ | मा | शू | क़ | ■ | ■ | म्म |
| ■ | ■ | म | क्ख | न | ■ | ह | र | क | त |
| त | बे | ला | ■ | ■ | भा | र | ■ | बा | ■ |
| ■ | शु | ■ | दू | भ | र | ■ | त | ब | ला |
| स | मा | न | ता | ■ | त | स | ल्ली | ■ | ■ |
| ह | र | ■ | वा | त | ■ | म | न | सू | बा |
| ना | ■ | अ | स | र | दा | र | ■ | ती | स |

## सुडोकू-पहेली-3382

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | | |
| | | | 2 | 1 | | | 9 | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | | | 4 | | 1 |
| 6 | | | | 5 | | | 8 | |
| | 3 | 5 | | | 8 | | | |
| | | | | | | | 6 | 5 |
| | 1 | | | 9 | | 2 | | |
| | | 7 | | 3 | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3381 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 | 7 |
| 9 | 8 | 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 9 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 |

बुधवार, 29 अप्रैल 2026

मौसम

तापमान 24 – 32
आर्द्रता 80%
सूर्योदय: 05:06 सूर्यास्त: 18:01

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये



देश की अधिकतम बिजली मांग सोमवार को दूसरी बार 256 गीगावाट के करीब पहुंची पृष्ठ 12

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

सुविचार : सच बोलनेवाले की ताकत रखनेवाले अकेले चलना भी जानते हैं।




## जो लड़ रही सबकी पुकार पर, वही जिताएगी बांग्ला माँ को

# बंगाल के लिए दीदी की १० प्रतिज्ञा



### लक्ष्मी की जय, स्वनिर्भरता अक्षय

लक्ष्मीर भंडार में ₹५०० प्रति माह की वृद्धि — सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए ₹१,५०० (₹१८,००० प्रति वर्ष) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए ₹१,७०० (₹२०,४०० प्रति वर्ष)

### बंगाल में सभी को बेहतर स्वास्थ्य का अधिकार

प्रति वर्ष प्रत्येक ब्लॉक और शहर में आयोजित 'द्वारे चिकित्सा' कैंप के माध्यम से, प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ अब सीधे आपके द्वार तक



### युवाओं के साथ, रोज़गार का भरोसा

आजीविका-हीन युवाओं को 'बांग्लार युबा-साथी' योजना के तहत ₹१,५०० प्रति माह (₹१८,००० प्रति वर्ष) की आर्थिक सहायता





### शिक्षा ही संपत्ति, सुरक्षित भविष्य का संकल्प

'बांग्लार शिक्षायातन' के अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढाँचे का पूर्ण विकास



### कृषि बजट, किसानों की खुशहाली

कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, कृषि परिवारों को निरंतर समर्थन एवं भूमिहीन किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ₹३०,००० करोड़ का कृषि बजट और किसानों के फायदे के लिए 50 नए कोल्ड स्टोरेज

### बंगाल बनेगा भारत के पूर्वी व्यापार का सारथी

विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स, पोर्ट और व्यापारिक बुनियादी ढाँचे के साथ बंगाल बनेगा पूर्वी भारत के व्यापार का प्रवेशद्वार



### निश्चित आवास, चिंताओं का नाश

बंगाल के हर परिवार के लिए पक्के घर की गारंटी





### बुज़ुर्गों के साथ, देखभाल का भरोसा

वर्तमान सभी लाभार्थियों के लिए निरंतर वृद्धावस्था पेंशन सहायता सुनिश्चित की जाएगी और धीरे-धीरे इस सुरक्षा के दायरे का विस्तार कर सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को इसके अंतर्गत लाया जाएगा



### हर घर नल, शुद्ध पीने का जल

बंगाल के हर घर तक पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य

### प्रशासनिक सुगमता से बंगाल नए क्षितिज पर

७ नए ज़िलों का निर्माण; भौगोलिक पुनर्गठन द्वारा नगरपालिकाओं की संख्या में वृद्धि



## जोड़ा फूल पर वोट करें

# पुलिस पर्यवेक्षक के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की चुनाव आयोग से शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव के अंतिम चरण से पहले चुनाव आयोग और तृणमूल कांग्रेस के बीच टकराव तेज हो गया है। मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर एक विशेष पुलिस पर्यवेक्षक के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई और आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठाए। पार्टी की ओर से नेता चंद्रिमा भट्टाचार्य और पूर्व मंत्री अरूप विश्वास कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे। शिकायत दर्ज कराने के बाद, मीडिया से बातचीत में चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग ऐसे कदम उठा रहा है, जैसे कि वह भाजपा के पक्ष में काम कर रहा है। तृणमूल नेताओं ने विशेष रूप से दक्षिण 24 परगना में नियुक्त विशेष पुलिस पर्यवेक्षक की भूमिका पर आपत्ति जताई। उत्तर प्रदेश से आए इस अधिकारी को लेकर चंद्रिमा भट्टाचार्य ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि एक शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चुनाव में 'एनकाउंटर विशेषज्ञ' छवि वाले अधिकारी को



पर्यवेक्षक बनाकर भेजने का क्या उद्देश्य है। उन्होंने सवाल किया कि क्या इससे निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित होगा या आम लोगों में भय का माहौल बनेगा। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार पर्यवेक्षक केवल आयोग की 'आंख और कान' होते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष कार्रवाई में शामिल होने का अधिकार नहीं होता। तृणमूल का आरोप है कि संबंधित पुलिस पर्यवेक्षक अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर सीधे अभियानों में शामिल हो रहे हैं।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस या महिला पुलिस की उपस्थिति के बिना आम लोगों के घरों में जाकर तलाशी ली जा रही है और मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि इस तरह की कार्रवाइयों से लोगों में भय का वातावरण बनाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केंद्रीय बलों या पर्यवेक्षकों की कथित दबंगई के सामने तृणमूल कांग्रेस झुकने वाली नहीं है।

तृणमूल नेताओं ने बताया कि मतदान से ठीक पहले देर रात पार्टी कार्यकर्ताओं को बिना कारण गिरफ्तार करने और हिरासत में लेने की घटनाओं को लेकर भी आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके साथ ही पार्टी ने इन मामलों में कानूनी कदम भी उठाए हैं।

## 'अगर वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं'

- **आईपीएस अजय पाल शर्मा की चेतावनी पर जहांगीर खान का पलटवार**
- **फलता में आईपीएस अधिकारी के काफिले के सामने लगे 'जय बांग्ला' के नारे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के दक्षिण 24 परगना जिले के फलता क्षेत्र का दौरा करने और संभावित उपद्रवियों को बुधवार को निर्धारित मतदान में बाधा डालने की किसी भी कोशिश के खिलाफ 'चेतावनी' देने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। फलता से तृणमूल उम्मीदवार जहांगीर खान ने कहा कि अगर शर्मा 'सिंघम' हैं, तो वह 'पुष्पा' हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं या मतदाताओं को 'डराने-धमकाने' की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर दूसरे चरण के मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने फलता में खान के आवास के साथ-साथ उनके चुनाव कार्यालय के बाहर 'जय बांग्ला' के नारे लगाए। तृणमूल उम्मीदवार ने कहा कि यह बंगाल है; अगर वह (शर्मा) 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं। फलता में भाजपा की ओर से तैनात उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारियों की किसी भी तरह की धमकी या दबाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे (अर्धसैनिक) बल के साथ आए और मुझ पर तथा मेरे लोगों पर दबाव डालने की कोशिश की। लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे कृत्य स्वीकार्य नहीं हैं।

## 'भवानीपुर से ममता भारी मार्जिन से हारेंगी', झालमुड़ी खाने के बाद बोले शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चुनाव के बीच 'झालमुड़ी' काफी चर्चा में है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी सभा से थोड़ा समय निकालकर झालमुड़ी का स्वाद लिया, तो अब भवानीपुर से भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को एक स्टॉल से झालमुड़ी और आलू चाट खाई। झालमुड़ी का आनंद उठाने के बाद, उन्होंने दुकानदार को भरोसा दिलाया कि अगली सरकार भाजपा की है और उन्हें व्यापार करने में कोई दिक्कत नहीं होगी, अगर कोई भी समस्या है तो वो उनके साथ खड़े हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि ममता बनर्जी



इस बार भारी मार्जिन से हारेंगी। भवानीपुर के साथ ही साथ पूरे बंगाल में कमल खिलेगा। राज्य की जनता बदलाव के पक्ष में वोट डालने के लिए तैयार है। भवानीपुर में ममता बनर्जी को भारी अंतर से हार का सामना करना पड़ेगा। मैं गुरुद्वारे आया था। मैं जैन मंदिर भी जा रहा हूं। मेरी जीत निश्चित है और कमल खिलेगा। भवानीपुर से अपनी जीत का भरोसा जताते हुए भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मुझे ही जीतना है, कमल खिलेगा। मुझे भारी अंतर से जीतना है। आठ में से सात वार्डों में मैं बढ़त बनाऊंगा, चिंता मत कीजिए। 4 मई को मतगणना केंद्र पर मिलते हैं।

## 'भवानीपुर को निशाना बना रहा आयोग'

- **'उपद्रवी सूची' मामले में अदालत में कल्याण बनर्जी की विस्तृत आपत्ति**

**कोलकाता :** अदालत के पूर्व निर्देश के बावजूद कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस के 350 कार्यकर्ताओं की सूची प्रकाशित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश देने के मामले में एक बार फिर विवाद गहरा गया है। इस मुद्दे पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाते हुए तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने पुनः कोलकाता उच्च न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया है।

मंगलवार को न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी तथा न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की द्वैतीय पीठ में इस मामले की विस्तृत सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कल्याण बनर्जी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग तथा पुलिस पर्यवेक्षक विशेष रूप से भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र को लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे हैं। उनके अनुसार, इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल राजनीतिक वातावरण प्रभावित हो रहा है, बल्कि प्रत्याशियों और मतदाताओं के बीच भय का वातावरण भी बनाया जा रहा है।

कल्याण बनर्जी ने अदालत में यह भी आरोप लगाया कि कालीघाट थाने के प्रभारी अधिकारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने न्यायालय से निवेदन किया कि आगामी 29 तारीख को होने वाले मतदान तक किसी भी व्यक्ति को इस प्रकार की सूची के आधार पर पूछताछ के लिए न बुलाया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी आग्रह किया कि भविष्य में इस प्रकार की सूचनाएं अथवा सूची जारी करने पर रोक लगाई जाए।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 'उपद्रवी' अथवा अशांति फैलाने की आशंका वाले व्यक्तियों की सूची जारी



कर अग्रिम कार्रवाई करने के मामले में कोलकाता उच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जब तक कोई व्यक्ति वास्तव में अवैध कार्य में संलिप्त न हो, तब तक केवल आशंका के आधार पर उसके विरुद्ध सक्रियता दिखाना उचित नहीं है। अदालत ने यह भी कहा था कि प्रशासन को अनावश्यक रूप से अति सक्रियता नहीं दिखानी चाहिए।

अदालत के इसी निर्देश के बाद पहले जारी की गई लगभग 800 कथित 'उपद्रवियों' की सूची को वापस ले लिया गया था। किंतु हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा पुनः 350 व्यक्तियों की एक नई सूची प्रकाशित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी को लेकर कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया है कि आयोग ने न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना की है और यह सीधा-सीधा अदालत की अवमानना का मामला बनता है।

मामले की सुनवाई के दौरान सभी पक्षों ने अपने-अपने तर्क विस्तार से न्यायालय के समक्ष रखे। अंततः दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति अरिजीत बनर्जी और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की द्वैतीय पीठ ने इस मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है। अब इस प्रकरण में न्यायालय के अंतिम निर्णय पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं, क्योंकि इसका प्रभाव चुनावी प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रणाली दोनों पर पड़ सकता है।

### दूसरे चरण के मतदान से पहले पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले पुलिस प्रशासन में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। दक्षिण बंगाल के विभिन्न इलाकों में हाल के दिनों में हिंसा और झड़प की घटनाओं को देखते हुए चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। अतिरिक्त डीजी (कानून-व्यवस्था) की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, पहले चरण के मतदान में तैनात 26 पुलिस अधिकारियों को दूसरे चरण में भी ड्यूटी पर लगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मुर्शिदाबाद के लालबाग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धार दोरजी, डालखोला के एसडीपीओ रविराज अवस्थी, घाटाल के एसडीपीओ गायकवाड़ निलेश श्रीकांत और नक्सलबाड़ी के एसडीपीओ सौम्यजीत राय को बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात किया गया है। वहीं, चुनाव आयोग के निर्देश पर हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र की जिम्मेदारी एसएसएफ बटालियन के कमांडेंट प्रवीण प्रकाश को सौंपी गई है। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट में एमजे मार्सी और खांडेबाहाले उमेश गणपत को तैनात किया गया है। बारासात पुलिस जिले की जिम्मेदारी अनिमेष राय और धीरज ठाकुर को दी गई है, जबकि बशी-रहाट पुलिस जिले की कमान अतिश विश्वास को सौंपी गई है। रायगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर अहमद, पुरुलिया के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जॉर्ज एलन जॉन और राज्य के स्पेशल टास्क फोर्स के सहायक पुलिस अधीक्षक आकाशदीप गहलोत को डायमंड हार्बर पुलिस जिले में तैनात किया गया है।

### राज्यपाल ने लोगों से चुनावों के अंतिम चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने का किया आग्रह

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंगलवार को राज्य की जनता से आज होने वाले विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की और मतदाताओं (विशेष रूप से युवाओं महिलाओं और पहली बार मतदान करने वालों) से बड़ी संख्या में मतदान करने और लोकतंत्र को मजबूत करने का आग्रह किया। लोक भवन द्वारा साझा किए गए एक बयान में रवि ने कहा कि विधानसभा चुनाव का अगला और अंतिम चरण आज होने जा रहा है, इसलिए मैं सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान करता हूं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं और पहली बार मतदान करने वालों से रिकॉर्ड संख्या में बाहर आकर अपना वोट डालने का आग्रह किया। राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के भविष्य को आकार देने और लोकतंत्र तथा कानून के शासन को मजबूत करने के लिए हर मत महत्वपूर्ण है।

### चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी अधिकारी के खिलाफ 29 अप्रैल तक कोई आदेश नहीं : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह राज्य में चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी भी अधिकारी के खिलाफ 29 अप्रैल तक कोई आदेश पारित नहीं करेगा। एक वकील ने न्यायमूर्ति कृष्णा राव से मौखिक अनुरोध किया कि दक्षिण 24 परगना जिले के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक आईपीएस अधिकारी अजयपाल शर्मा को उस क्षेत्र में कार्य करने से रोका जाए, क्योंकि वह (शर्मा) चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं। इस पर, न्यायमूर्ति राव ने कहा कि वह 29 अप्रैल तक चुनाव ड्यूटी पर तैनात किसी भी अधिकारी के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। वकील ने अदालत में मौखिक रूप से मामला उठाया और कहा कि इस संबंध में याचिका दाखिल करने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। जब वकील ने आरोप लगाया कि शर्मा मतदाताओं को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं, तो न्यायमूर्ति राव ने उनसे कहा कि यदि कोई शिकायत है तो वह निर्वाचन आयोग से संपर्क करें। इस पर, वकील ने दावा किया कि आयोग को जानकारी दे दी गई है, लेकिन अबतक कोई जवाब नहीं मिला है।

## चुनाव में गड़बड़ी के आरोप: तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में जारी चुनावी प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर विभिन्न अनियमितताओं, डराने-धमकाने और मतदाताओं को प्रभावित करने के आरोप लगाए हैं।

पत्र में दावा किया गया है कि राज्य के कई हिस्सों में बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो कथित तौर पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि इन मामलों में भाजपा से जुड़े लोगों की संलिप्तता सामने आई है।



इसके अलावा, पार्टी ने आरोप लगाया कि आधी रात को बिना किसी लिखित आदेश के राजनीतिक कार्यकर्ताओं के घरों पर छापेमारी की जा रही है। इन कार्रवाइयों से स्थानीय लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल बन रहा है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।

टीएमसी ने यह भी कहा कि मतदान केंद्रों के आसपास बाहरी लोगों की मौजूदगी देखी जा रही है, जबकि नियमों के अनुसार केवल स्थानीय मतदाताओं और अधिकृत कर्मियों को ही वहां रहने की अनुमति है। पार्टी के अनुसार, इससे मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ी और तनाव की आशंका बढ़ रही है।

**इन आरोपों के आधार पर टीएमसी ने चुनाव आयोग से तीन प्रमुख मांगें की हैं–**

- नकदी बरामदगी के सभी मामलों की समयबद्ध और स्वतंत्र जांच हो।
- किसी भी छापेमारी या गिरफ्तारी के लिए लिखित आदेश अनिवार्य किया जाए।
- मतदान केंद्रों के पास बाहरी लोगों की मौजूदगी पर सख्ती से रोक लगाई जाए।

पार्टी ने कहा है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर चुनाव की निष्पक्षता और जनता का भरोसा दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

## विशेष धर्म के लोगों के खिलाफ कथित उकसाने वाले बयान पर अमित शाह के विरुद्ध उच्च न्यायालय में मामला

- **अधिवक्ता ने दायर की याचिका**

**कोलकाता :** एक विशेष धर्म के लोगों के प्रति कथित रूप से उकसाने वाली टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कोलकाता उच्च न्यायालय में मामला दायर किया गया है। उनके खिलाफ चुनावी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्होंने इस मामले में पहले प्राथमिकी दर्ज कराने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई सहयोग नहीं मिलने के कारण उन्हें अदालत की शरण लेनी पड़ी।

मामलाकर्ता अधिवक्ता शुभाशिस दासगुप्ता ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने



एक भाषण के दौरान एक विशेष धर्म के लोगों को लेकर उकसाने वाली टिप्पणी की, जो न केवल सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर सकती है बल्कि चुनावी आचार संहिता का भी स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान से समाज में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

शुभाशिस दासगुप्ता के अनुसार, उन्होंने सबसे पहले संबंधित थाने में जाकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई पहल नहीं की और उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने न्याय पाने के लिए कोलकाता उच्च न्यायालय का रुख किया।

मंगलवार को इस विषय में कोलकाता उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति कृष्णा राव की पीठ के समक्ष शीघ्र सुनवाई की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया गया। न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए याचिका दायर करने की अनुमति प्रदान कर दी है।

अब इस मामले की सुनवाई आगामी 30 अप्रैल को होने की संभावना है। चुनावी माहौल के बीच इस घटनाक्रम ने राजनीतिक हलचल को और तेज कर दिया है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अदालत इस मामले में आगे क्या रुख अपनाती है और क्या कोई ठोस निर्देश जारी किए जाते हैं।

## मेयर फिरहाद हकीम के घर देर रात पहुंचे केंद्रीय बल, लगाया धमकाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पोर्ट विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और शहर के मेयर फिरहाद हकीम के घर केंद्रीय बल के पहुंचने का मामला सामने आया है। दावा किया गया है कि सोमवार की देर रात पुलिस पर्यवेक्षक चेतला स्थित उनके घर पहुंचे और हालचाल लिया। उनके साथ केंद्रीय बल के जवान भी मौजूद थे। मीडिया से बातचीत में फिरहाद हाकिम ने कहा कि यह घटना उन्हें नक्सल दौर की याद दिला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह से डराकर कहा जा रहा है कि यदि कुछ हुआ तो देख लिया जाएगा। उनका कहना है कि चेतला में कभी अशांति नहीं हुई, फिर भी उन्हें आकर धमकाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि चेतला में कभी कोई



अशांति नहीं होती और इस बार भी नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि चेतला में बम-गोली तो दूर, कभी एक ईंट तक नहीं फेंकी गई है। फिरहाद हाकिम के अनुसार, सोमवार की रात अचानक केंद्रीय बल के जवान और पुलिस पर्यवेक्षक उनके घर पहुंचे। वहां उन्हें बुलाकर सीधे तौर पर चेतावनी दी गई। मेयर ने कहा कि उन्हें बताया गया कि इलाके में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए और एजेंटों को बैठने से रोका नहीं जाना चाहिए, नहीं तो परिणाम भुगतना पड़ेगा। मेयर का आरोप है कि केंद्रीय बल की यह अतिसक्रियता भाजपा के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है, क्योंकि लोगों को डराकर उनका समर्थन नहीं जीता जा सकता। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण इलाके में इस तरह की गतिविधि लोगों में डर पैदा कर रही है। भाजपा पर निशाना साधते हुए फिरहाद हकीम ने कहा कि जिस तरह केंद्रीय बल दबाव और धमकी का माहौल बना रहा है, उससे लोग काफी नाराज़ हैं। उन्होंने कहा कि उनके इलाके के लोग, चाहे वे किसी भी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े हों, इस व्यवहार को उचित नहीं मान रहे हैं।

## मतदान से 24 घंटे पहले अदीति मुंशी के खिलाफ थाने में शिकायत, हलफनामे में जानकारी छिपाने का आरोप

**कोलकाता :** दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव से ठीक 24 घंटे पहले राजारहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र की तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी और लोकप्रिय गायिका अदीति मुंशी के खिलाफ भाजपा उम्मीदवार तरुणज्योति तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मंगलवार को बागुईआटी थाने में अदीति मुंशी और उनके पति तथा तृणमूल नेता देवराज चक्रवर्ती के खिलाफ यह शिकायत दर्ज की गई। इस घटनाक्रम के बाद चुनाव से ठीक पहले इलाके का राजनीतिक माहौल काफी गर्म हो गया है।

भाजपा उम्मीदवार तरुणज्योति तिवारी ने आरोप लगाया है कि चुनाव के समय नामांकन के साथ दाखिल किए गए हलफनामे में अदीति मुंशी ने अपनी और अपने पति की संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है। उनके अनुसार, नियमों के तहत प्रत्याशी को अपनी स्थावर (जमीन-जायदाद) और अचल संपत्ति का पूरा विवरण देना अनिवार्य होता है, लेकिन अदीति मुंशी ने इस नियम का पालन नहीं किया।

तिवारी का दावा है कि कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में अदीति मुंशी और उनके पति देवराज चक्रवर्ती के नाम पर बड़ी मात्रा में जमीन और संपत्ति मौजूद है, जिसका पूरा ब्यौरा हलफनामे में नहीं दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दंपति ने संयुक्त रूप से कई जमीनों की खरीद-फरोख्त की है, लेकिन इन लेनदेन का सही विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया।

भाजपा उम्मीदवार ने विशेष रूप से आरोप लगाया कि इसी वर्ष 25 मार्च को एक जमीन ऊंची कीमत पर बेची गई थी, लेकिन उस बिक्री से प्राप्त राशि का कोई उल्लेख नामांकन पत्र या हलफनामे में नहीं है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि उस धनराशि का उपयोग कहां किया गया और उसका स्रोत क्या है।

तरुणज्योति तिवारी ने मीडिया से बातचीत में एक और महत्वपूर्ण पहलू उठाते हुए कहा कि इस पूरी संपत्ति लेनदेन प्रक्रिया में 'बीसी ग्लोबल' नामक एक कंपनी का नाम सामने आ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि इस कंपनी की भूमिका क्या है और इतनी बड़ी रकम के लेनदेन में इसकी भागीदारी क्यों रही।

तिवारी ने अदीति मुंशी पर सीधा हमला करते हुए कहा, चोर पकड़ा गया है। एक जागरूक भारतीय नागरिक के तौर पर यह मेरा कर्तव्य है कि मैं इस तरह के संभावित अपराध की जानकारी पुलिस, आयकर विभाग और केंद्रीय जांच एजेंसियों-ईडी और सीबीआई-को दूं। इसी जिम्मेदारी को निभाते हुए मैंने आज थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद राजा-रहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक तनाव-पूर्ण हो गया है। मतदान से ठीक पहले सामने आए इस विवाद ने राजनीतिक तापमान को चरम पर पहुंचा दिया है और अब इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## मतदान से पहले 7 संवेदनशील इलाकों में पहुंचेगी एनआईए टीम, भांगड़ और कसबा भी सूची में

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले कानून-व्यवस्था को लेकर किसी भी तरह की चूक न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) राज्य के उन इलाकों में अपनी टीमें तैनात कर रही है, जहां पहले हिंसा या संवेदनशील घटनाओं का इतिहास रहा है।

जानकारी के अनुसार, कोलकाता पुलिस के अंतर्गत आने वाले भांगड़ और कसबा जैसे क्षेत्रों में मतदान से पहले एनआईए की टीमें पहुंचेंगी। इन इलाकों को पूर्व में हुई हिंसक घटनाओं के कारण संवेदनशील माना जाता है, इसलिए यहां विशेष निगरानी रखी जाएगी।

इसके अलावा, बर्धमान जिले में भी एनआईए की एक टीम भेजी जा रही है। यहां खागड़ागढ़ विस्फोट और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश से जुड़े पुराने मामलों को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। जांच एजेंसी इन क्षेत्रों में हालात पर नजर रखेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय करेगी।

सूत्रों का कहना है कि राज्य के कुल सात स्थानों पर एनआईए की टीमें तैनात की जा रही हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी प्रकार की हिंसा या अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

## भवानीपुर की बड़ी टक्कर से पहले शुभेंदु अधिकारी को उच्च न्यायालय से राहत, पुलिस कार्रवाई पर रोक

**कोलकाता :** दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को कोलकाता उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। चुनावी माहौल के बीच आए इस फैसले को राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कोलाघाट में पार्टी कार्यालय पर पुलिस तलाशी से जुड़े मामले में अदालत ने उन्हें अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है।

इस मामले में सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने निर्देश दिया कि कोलाघाट थाने द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस फिलहाल 30 जून तक कोई दंडात्मक या कठोर कार्रवाई नहीं कर सकेगी। अदालत के इस आदेश के बाद शुभेंदु अधिकारी को चुनाव से ठीक पहले



बड़ी राहत मिली है।

बताया जा रहा है कि कोलाघाट स्थित पार्टी कार्यालय में पुलिस द्वारा की गई तलाशी को लेकर यह मामला सामने आया था, जिसके आधार पर थाना पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी। इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने अदालत का रुख किया था और सुरक्षा की मांग की थी।

अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अंतरिम राहत देते हुए स्पष्ट किया कि जांच जारी रह सकती है, लेकिन इस अवधि के दौरान शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया जाएगा। इस आदेश का सीधा असर चुनावी माहौल पर पड़ता दिख रहा है, क्योंकि दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले यह फैसला आया है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले की अगली सुनवाई जून महीने में निर्धारित की गई है। तब तक के लिए अदालत द्वारा दिया गया यह अंतरिम संरक्षण प्रभावी रहेगा। चुनावी माहौल के बीच इस फैसले ने राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ा दी है और अब सभी की नजरें आगामी सुनवाई पर टिकी हुई हैं।

## बाली में देर रात कार्रवाई से बढ़ा तनाव, टीएमसी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी पर थाने के बाहर प्रदर्शन

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल के बाली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव से पहले देर रात हुई पुलिस कार्रवाई के बाद तनाव का माहौल बन गया है। आर-ोप है कि केंद्रीय बल और हावड़ा सिटी पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कई कार्यकर्ताओं और बूथ अध्यक्षों को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई बाली के सतीश चक्रवर्ती लेन, पुराने पोस्ट ऑफिस क्षेत्र सहित विभिन्न इलाकों में की गई। सूचना मिलते ही बाली विधानसभा सीट से टीएमसी उम्मीदवार कैलाश मिश्रा मौके पर पहुंचे। इस दौरान उनकी पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी बहस भी हुई। टीएमसी ने आरोप लगाया है कि चुनाव से पहले उनके कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर भय का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। घटना के विरोध में देर रात बेलूर थाने के बाहर कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। हालांकि पुलिस का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। इस घटनाक्रम के बाद इलाके में राजनीतिक माहौल गरमा गया है, जबकि हिरासत में लिए गए लोगों के संबंध में पुलिस की ओर से स्पष्ट कारणों का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

बुधवार, 29 अप्रैल 2026

मौसम

तापमान 24 – 32
आर्द्रता 80%
सूर्योदय: 05:06 सूर्यास्त: 18:01

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, छः और सात पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : सच बोलनेवाले की ताकत रखनेवाले अकेले चलना भी जानते हैं।



भारत को एस-400 मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई अगले महीने की शुरुआत में प्राप्त होने की उम्मीद पृष्ठ 11

# महासमर का फाइनल राउंड आज, 142 सीटों पर वोटिंग

## 1448 प्रार्थी, 3.21 करोड़ मतदाता

- सुरक्षा में तैनात रहेंगे 2 लाख से अधिक जवान एवं करीब 40 हजार पुलिस कर्मी
- मतदान केंद्रों के अंदर व बाहर सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण के तहत बुधवार को सात जिलों की 142 सीटों के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा में वोट पड़ेंगे। इन जिलों में शांतिपूर्ण मतदान कराना चुनाव आयोग के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। आयोग ने सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं। इस चरण में केंद्रीय बलों की 2,231 कंपनियों यानी दो लाख से अधिक जवानों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, करीब 40 हजार पुलिस कर्मी भी मुस्तैद रहेंगे। कोलकाता में सबसे अधिक (273) कंपनियां तैनात रहेंगी। दूसरे चरण में सुरक्षा और कड़ी करते हुए बूथों पर जाने के रास्तों में भी सीसीटीवी लगाए गए हैं। यही नहीं, ड्रोन से भी निगरानी रखी जाएगी। इस चरण में पुलिस पर्यवेक्षकों की संख्या भी 84 से बढ़ाकर 95 की गई है। दूसरे चरण में सबकी नजर कोलकाता की भवानीपुर सीट पर रहेगी, जहां मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी और नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी में मुकाबला है। दूसरे चरण में कुल 1,448 प्रत्याशी हैं, जिनमें फिरहाद हकीम, अरूप बिश्वास, जावेद खान, सुजीत बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, शशि पांजा समेत ममता सरकार के कई मंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार, माकपा की तेज-तर्रार नेता मीनाक्षी मुखर्जी व दीप्शिता धर और आइएसएफ के नौशाद सिद्दीकी शामिल हैं। आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म व हत्या की शिकार हुईं डॉक्टर की मां व संदेशखाली आंदोलन का चेहरा रेखा पात्र भी अंतिम चरण की प्रत्याशी हैं।



### मतदान से पहले अतिरिक्त मतदाता सूची जारी, 1,468 नए नाम शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद राज्य की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो आज दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर अपना मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, और वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे। बता दें कि इससे पहले, राज्य में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले न्यायाधिकरण द्वारा मंजूरी प्राप्त 139 मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया था।



केंद्रीय बल अलर्ट

### मतदान से पूर्व आयोग ने दो अतिरिक्त जिलाधिकारियों को चुनावी ड्यूटी से हटाया

**फलता विधानसभा के एआरओ का भी तबादला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने दूसरे व अंतिम चरण के मतदान से पहले एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए बीरभूम व दक्षिण 24 परगना जिलों के अतिरिक्त जिलाधिकारियों को चुनावी ड्यूटी से मुक्त कर दिया है। राज्य के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी अरिंदम नियोगी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बीरभूम के अतिरिक्त जिलाधिकारी सौविक भट्टाचार्य व दक्षिण 24 परगना जिले के अतिरिक्त जिलाधिकारी भास्कर पाल को चुनावी ड्यूटी से हटाया गया है। दूसरी तरफ, आयोग ने राज्य प्रशासन को फलता विधानसभा सीट के सहायक रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) सौरव हाजरा का तबादला करने का निर्देश दिया है। उनकी जगह राम्या भट्टाचार्य, जो वर्तमान में ओएसडी के पद पर हैं, को तैनात करने को कहा गया है। आयोग की ओर से इस बाबत राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखा गया है। मालूम हो कि सौरव हाजरा फलता डेवलपमेंट ब्लाक में संयुक्त बीडीओ के पद पर हैं। उन्हें अविलंब पुरुलिया भेजने को कहा गया है। आयोग का मानना है कि निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर ऐसे बदलाव जरूरी हैं।

## विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं: सरकारी अधिकारी

**नयी दिल्ली :** एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों को खारिज किया। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में रिकॉर्ड चौथे साल भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चा तेल 50 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। लागत और बिक्री मूल्य के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार यह दैनिक नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। इसी कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव बुधवार को संपन्न होने के बाद कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों के प्रभाव पर एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस



मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, ''पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।'' उनसे पूछा गया था कि कि क्या बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदान संपन्न होने के बाद ईंधन की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने कीमतों में तत्काल वृद्धि की उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिनकी वजह से आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों के कुछ हिस्सों में ईंधन खरीदने की होड़ मच गई थी। शर्मा ने कहा, ''हमने कुछ जगहों पर घबराहट में खरीदारी देखी है। हम इन सभी जगहों पर राज्य सरकारों के संपर्क में हैं। सभी खुदरा बिक्री केंद्रों की निगरानी की जा रही है और जहां अधिक खरीदारी हो रही है, वहां आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।''

## रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के अंत में यह 94.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को डॉलर के मुकाबले 94.15 पर बंद हुआ था।

## 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों में शामिल 9,400 खातों पर व्हाट्सऐप ने रोक लगाई: केंद्र ने न्यायालय से कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है तथा व्हाट्सऐप ने ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगाई है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया है। यह रिपोर्ट देश में 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए उच्चतम न्यायालय के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है। 'डिजिटल अरेस्ट' साइबर अपराध का एक बढ़ता हुआ स्वरूप है, जिसमें ठग कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अदालतों या सरकारी विभागों के अधिकारियों के रूप में खुद को प्रस्तुत करके ऑडियो और वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों को उलझाकर रखते हैं और उनपर पैसे देने का दबाव डालते हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित, निर्बाध समुद्री आवागमन यथाशीघ्र बहाल हो : भारत

**संयुक्त राष्ट्र :** पश्चिम एशिया संकट के बीच, भारत ने अपने नाविकों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह किया है। भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि महत्व-पूर्ण जलमार्गों के किसी भी कथित बंद का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है। सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा और संरक्षण' विषय पर हुई खुली बहस को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रभारी राजदूत योजना पटेल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समुद्री सुरक्षा और जलमार्गों के संरक्षण को वैश्विक सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि के लिए आवश्यक मानता है। पटेल ने बहरीन की अध्यक्षता में आयोजित परिषद की चर्चा के दौरान कहा, एक प्रमुख व्यापारिक राष्ट्र के रूप में, भारत होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को हाल ही में निशाना बनाए जाने और निर्दोष असैनिक चालक दल के सदस्यों के जीवन को खतरे में डालने की कड़ी निंदा करता है। ऐसे कृत्यों के परिणामस्वरूप भारतीय नाविकों के बहुमूल्य जीवन का दुखद नुकसान हुआ है और यह अस्वीकार्य है।

### धन शोधन मामला: ईडी ने अनिल अंबानी का फ्लैट, उनके बेटे का फार्महाउस कुर्क किया

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित फ्लैट और उनके बेटे जय अंशुल अंबानी के संयुक्त स्वामित्व वाले खंडाला स्थित फार्महाउस को 3,034 करोड़ रुपये के कुर्की आदेश के तहत कुर्क कर लिया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अस्थायी कुर्की इन संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकने और बैंकों तथा जनता के हितों की रक्षा के लिए की गई है। आरकॉम रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की कंपनी है। आरएएजी के प्रवक्ता के मुताबिक, कुर्क की गई कुछ संपत्तियां अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी की हैं।

### केंद्र ने ओसीआई कार्ड आवेदन शुल्क 275 अमेरिकी डॉलर निर्धारित किया

**छह महीने के प्रवास का नियम समाप्त**

**नयी दिल्ली :** सरकार ने ओवरसीज़ सिटिजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड के लिए आवेदन शुल्क 275 अमेरिकी डॉलर तय किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि भारत में आवेदन करने पर यह राशि भारतीय रुपये में देय होगी, जबकि विदेशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से आवेदन करने पर स्थानीय मुद्रा में भुगतान करना होगा। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन की ओर से 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट के अनुसार, विवरण में परिवर्तन के साथ ओसीआई कार्ड पुनः जारी करने, कार्डधारक के 20 वर्ष की आयु पूरी करने पर पुनः जारी करने, तथा कार्ड के परित्याग के लिए 25 अमेरिकी डॉलर का शुल्क लिया जाएगा।






# बीएसएफ को बाड़ की जमीन सौंपने में देरी, राज्य सरकार को फटकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को भूमि सौंपने के अपने आदेश का पालन नहीं करने पर राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि 127 किलोमीटर हिस्से में से केवल आठ किलोमीटर का खंड ही अब तक सीमा सुरक्षा बल को दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल के नेतृत्व वाली एक खंडपीठ ने गत 27 जनवरी को राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह 127 किलोमीटर भूमि 31 मार्च तक बीएसएफ को सौंप दे, जिसे



'पहले ही अधिग्रहित/खरीदा जा चुका है', जिसके लिए 'राज्य सरकार को केंद्र से मुआवजा' प्राप्त हो चुका है। नौ जिलों में बीएसएफ को मार्च के अंत तक 127 किलोमीटर की पूरी जमीन नहीं सौंपने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए, उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें जनवरी के आदेश के अनुपालन के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी हो। अदालत ने राज्य सरकार द्वारा अदालत के आदेशानुसार 127 किलोमीटर के बजाय केवल आठ किलोमीटर जमीन सौंपे जाने पर असंतोष व्यक्त किया। अदालत ने टिप्पणी की कि यह आश्चर्यजनक और चौंकाने वाला है कि राष्ट्रीय महत्व के मामले में, प्रतिवादी राज्य ने हलफनामे पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करना उचित नहीं समझा। अदालत ने कहा कि एक संक्षिप्त और टालमटोल वाली रिपोर्ट दाखिल की गई है जिसमें 27 जनवरी, 2026 को इस अदालत के आदेश के बाद जमीन सौंपने के लिए क्या कार्रवाई की गई है, इसका तिथि और स्थानवार विवरण नहीं दिया गया है। अदालत ने अपने पूर्व आदेश का पालन नहीं करने के लिए रिपोर्ट दाखिल करने वाले अधिकारी पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया, जिसका भुगतान उन्हें स्वयं अपनी जेब से करना होगा। खंडपीठ ने कहा कि हम इस तरह की टालमटोल वाली और संक्षिप्त रिपोर्ट दाखिल करने की प्रथा की निंदा करते हैं। अदालत ने राज्य सरकार को 27 जनवरी के आदेश के अनुपालन में जिलेवार उठाए गए दैनिक कदमों की जानकारी देते हुए विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। खंड पीठ ने निर्देश दिया कि रिपोर्ट में 27 जनवरी के आदेश के बाद बीएसएफ को भूमि सौंपने के लिए प्रत्येक जिले द्वारा उठाए गए कदमों का उल्लेख होना चाहिए। अदालत ने राज्य को दो सप्ताह के भीतर हलफनामे के रूप में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई 13 मई को करेगा।

## 'आई-पैक' के निदेशक विनेश चंदेल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राजनीतिक परामर्श फर्म 'आई-पैक' के सह-संस्थापक और निदेशक विनेश चंदेल की अंतरिम जमानत याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह असाधारण मानवीय आधारों पर खरी नहीं उतरती है। कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जेल में बंद चंदेल ने अपनी मां की बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति के मानवीय आधार पर अंतरिम राहत का अनुरोध किया था, जो मनोभ्रंश से पीड़ित हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शेफाली बरनाला टंडन ने कहा कि यह स्थापित कानून है कि अंतरिम जमानत देना, विशेष रूप से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराधों में, एक सामान्य बात नहीं मानी जानी चाहिए और यह बाध्यकारी, तत्काल और असाधारण परिस्थितियों पर आधारित होनी चाहिए। अदालत ने कहा कि आरोपी ने अपनी मां की चिकित्सीय स्थिति का हवाला दिया है, जिसकी जांच अधिकारी द्वारा विधिवत पुष्टि की जा चुकी है। न्यायाधीश ने कहा कि यद्यपि, यह अदालत बुजुर्ग माता-पिता की चिकित्सीय स्थिति के प्रति असंवेदनशील नहीं है, लेकिन रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री से किसी भी अचानक या जानलेवा चिकित्सीय आपात स्थिति का पता नहीं चलता है जिसके लिए आवेदक/आरोपी की तत्काल उपस्थिति आवश्यक हो। उन्होंने कहा कि मनोभ्रंश धीरे-धीरे बढ़ने वाली एक दीर्घकालिक बीमारी है, और संलग्न दस्तावेजों में ऐसी किसी भी गंभीर चिकित्सा संकट का संकेत नहीं मिलता है जिसे उचित चिकित्सा देखभाल और सहायता के माध्यम से प्रबंधित नहीं किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि आवेदक/आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप पीएमएलए के तहत अपराधों से संबंधित हैं, जो गंभीर प्रकृति के हैं और देश की वित्तीय प्रणाली को प्रभावित करने वाले आर्थिक अपराध हैं। उसने कहा कि वैसे भी, नियमित जमानत याचिका पहले से ही विचाराधीन है। न्यायालय फिलहाल अंतरिम राहत देना उचित नहीं समझता।

### अमेज़न नाउ का बड़ा विस्तार, 100 शहरों में मिनटों में डिलीवरी

**कोलकाता :** अमेज़न इंडिया ने अपनी क्विक कॉमर्स सेवा 'अमेज़न नाउ' के विस्तार की घोषणा की है। कंपनी अब देश के 100 शहरों में मिनटों में डिलीवरी सुविधा देगी। इसके लिए 1,000 से अधिक माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर खोले जाएंगे। नई सेवा का लाभ पुणे, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, जयपुर, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, अहमदाबाद, मेरठ, मैसूर, कोच्चि, अमृतसर और विशाखापट्टनम सहित कई शहरों के ग्राहकों को मिलेगा। मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में भी विस्तार किया जाएगा। ग्राहकों को ग्रॉसरी, फल-सब्जियां, फ्रोजन फूड, पर्सनल केयर, फैशन, बेबी प्रोडक्ट्स, पेट सप्लाई और हेल्थकेयर उत्पाद मिनटों में मिलेंगे। कंपनी ने बताया कि यह विस्तार 2,800 करोड़ रुपये के निवेश योजना का हिस्सा है।

## आज दक्षिण बंगाल में बारिश की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को चेतावनी जारी की कि राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दिन 29 अप्रैल को दक्षिण बंगाल में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका है। आईएमडी ने एक विशेष बुलेटिन में कहा कि अगले एक हफ्ते तक राज्य में मेघगर्जन और उससे जुड़ी गतिविधियां होने की बहुत संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा है कि दक्षिण बंगाल के जिन जिलों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, उनमें कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व बर्दवान, बांकुड़ा और पश्चिम मेदिनीपुर शामिल हैं। इन



क्षेत्रों में तीन मई तक गरज के साथ बारिश, बिजली गिरने और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है। इसमें कहा गया है कि उप-हिमालयी जिलों दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, अलीपुरदुआर, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में तीन मई तक भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग ने मछुआरों को दो मई तक पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटों के आसपास समुद्र में न जाने की सलाह दी है।

### गोदरेज ने पेश किया भारत का पहला फेस रिकग्निशन इनेबल्ड होम लॉकर और स्मार्ट कनेक्टेड सॉल्यूशंस

**कोलकाता :** भारत के सुरक्षा समाधानों में सबसे भरोसेमंद नाम, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप (जीईजी) ने 'स्मार्ट होम एक्सपो 2026' के मंच से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर 'इनएक्स प्रो एनक्रिप्ट' पेश किया है, जो भारत का पहला फेस रिकग्निशन (चेहरा पहचानने वाली तकनीक) से लैस होम लॉकर है। इस लॉन्च के साथ, गोदरेज ने सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई तकनीक-संचालित क्रांति की शुरुआत की है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, पुष्कर गोखले, बिजनेस हेड, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने कहा, गोदरेज में, हमारा मानना है कि सुरक्षा जटिल नहीं, बल्कि भरोसेमंद, सुलभ और ग्राहकों के अनुकूल होनी चाहिए। जैसे-जैसे आधुनिक भारतीय उपभोक्ता स्मार्ट और कनेक्टेड जीवनशैली अपना रहे हैं, सुरक्षा

## मतदान से पहले हालीशहर में बाइक सवारों ने टीएमसी कार्यकर्ता को मारी गोली, जांच जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के हालीशहर में मंगलवार को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने टीएमसी के एक कार्यकर्ता को गोली मार दी। टीएमसी ने हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। गोलीबारी में प्रोसेनजीत मौलिक उर्फराजा गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे कल्याणी जेएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी होते ही भारी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना की जांच पहले ही शुरू कर दी गई है। बदमाशों को पकड़ने के लिए सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, खासबाती नॉर्थ रोड के रहने वाले तृणमूल कार्यकर्ता राजा सोमवार की रात हालीशहर के वार्ड नंबर 9 में मिसरी पुकुर रोड पर सड़क किनारे खड़े थे, तभी बाइक पर सवार



कुछ नकाबपोश बदमाशों ने उन पर गोली चला दी। उन पर कुल तीन राउंड गोलियां चलाई गईं। एक गोली राजा के पेट में लगी, जबकि बाकी दो गोलियां उनकी जेब में रखे मोबाइल फोन पर लगीं।

इसके बाद, तृणमूल कार्यकर्ता वहीं गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और कल्याणी जेएनएम अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद इलाके में राजनीतिक तनाव और बढ़ गया। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

### कोलकाता पुलिस के डीसी शांतनु सिन्हा विश्वास को ईडी ने फिर भेजा समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा विश्वास को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर तलब किया है। उन्हें मंगलवार को ही सीजीओ कॉम्प्लेक्स में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। ईडी सूत्रों के अनुसार, विश्वजीत पोद्दार उर्फ सोना पप्पू से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में यह समन जारी किया गया है। बताया गया है कि सोमवार की रात ही ईडी की ओर से समन का नोटिस भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह कालीघाट थाने के पूर्व ओसी शांतनु को बालू तस्करी मामले की जांच में भी ईडी ने तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। उनकी जगह उनके वकील ईडी कार्यालय पहुंचे थे।

## पूर्व रेलवे ने तीन वर्षों में किया बड़ा कायाकल्प, सुरक्षित पटरियां और सुगम यात्राओं पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने पिछले तीन वर्षों में ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर कार्य करते हुए अपने बुनियादी ढांचे का व्यापक आधुनिकीकरण किया है। इस पहल का सीधा उद्देश्य यात्रियों को अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करना है। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में रेलवे ने पटरियों और स्लीपरों की मजबूती पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। थ्रू रेल रिन्यूअल (प्राइमरी) 2023-24 में 283.49 टन किमी से बढ़कर 2024-25 में 375.35 टन किमी और 2025-26 में 577.31 टन किमी तक पहुंच गया। इसी तरह, थ्रू स्लीपर रिन्यूअल 213.16 टन किमी से बढ़कर 256.23 टन किमी और फिर 350.92 टन किमी तक पहुंच गया। कुल ट्रैक नवीनीकरण 290.46 टन किमी से बढ़कर 384.68 टन किमी और हाल ही में 583.93 टन किमी के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज किया गया।

इन तकनीकी सुधारों से ट्रेनों में झटके और कंपन कम हुए हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुगम और आरामदायक सफर का अनुभव मिल रहा है। साथ ही, टर्नआउट रिन्यूअल-जहां ट्रेनें एक लाइन से दूसरी लाइन पर स्विच करती हैं, में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो 378.88 इकाइयों से बढ़कर 513.88 और फिर 664 इकाइयों तक पहुंच गई।

इसके अलावा, स्क्रैप निपटान 33,037.98 मीट्रिक टन से बढ़कर 39,287 मीट्रिक टन तक पहुंचा, जिससे परिचालन दक्षता और स्वच्छता में सुधार हुआ है। विक्रम गुप्ता के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग टीमें 24 घंटे कार्य कर सुरक्षा पहले के सिद्धांत को सुनिश्चित कर रही हैं।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि इस आधुनिकीकरण से गति प्रतिबंध कम हुए हैं, समय की पाबंदी बेहतर हुई है और यात्रियों का कुल यात्रा समय घटा है। उन्होंने इसे सुरक्षित और विश्वस्तरीय रेल यात्रा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## हावड़ा मंडल में विकास कार्य के चलते कई ट्रेनों का समय बदला

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में बांसबेड़िया स्टेशन पर रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण कई ट्रेनों के समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। बांसबेड़िया और त्रिबेणी स्टेशनों के बीच 30 अप्रैल से 4 मई 2026 तक प्रतिदिन 13:45 बजे से 16:45 बजे तक तथा 5 मई से 9 मई 2026 तक 01:00 बजे से 04:00 बजे तक 180 मिनट का ब्लॉक रहेगा।

वहीं, 30 अप्रैल से 4 मई के बीच 37748 कटवा-बंडेल लोकल को 13:00 बजे के स्थान पर 13:50 बजे चलाया जाएगा और मार्ग में 70 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। 03024 कटवा-बंडेल ईएमयू स्पेशल (केवल 30 अप्रैल) 13:45 बजे के बजाय 14:45 बजे रवाना होगी और 15 मिनट नियंत्रित की जाएगी। इसके अलावा, 37924 कटवा-हावड़ा लोकल को 15 मिनट तक नियंत्रित किया जाएगा। इस अवधि में 37746 अंतिम ट्रेन होगी, जबकि 37748 ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन रहेगी। 5 मई से 9 मई के बीच 37741 बंडेल-कटवा लोकल को 03:05 बजे के स्थान पर 04:05 बजे चलाया जाएगा। इस दौरान 13033 अंतिम ट्रेन होगी और 37741 ब्लॉक के बाद पहली ट्रेन के रूप में संचालित होगी।

### बंधन बैंक का कारोबार 11% बढ़ा, वित्त वर्ष 2025-26 में मजबूत प्रदर्शन दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों में मजबूत प्रदर्शन दर्ज करते हुए कुल कारोबार में 11% से अधिक वृद्धि हासिल की है, जो 3.2 लाख करोड़ के पार पहुंच गया। इस दौरान बैंक का कुल जमा 10% बढ़कर 1.66 लाख करोड़ और कुल ऋण पोर्टफोलियो 12.6% की वृद्धि के साथ 1.54 लाख करोड़ हो गया। बैंक के कुल जमा में रिटेल की हिस्सेदारी 74% रही, जबकि सीएएसए अनुपात 29.3% दर्ज किया गया। पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) 18% रहा, जो बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति को दर्शाता है। वित्त वर्ष में बैंक का शुद्ध लाभ 1,224 करोड़ रहा। देशभर में 6,350 से अधिक बैंकिंग आउटलेट्स के जरिए बैंक करीब 3.2 करोड़ ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। इस दौरान वितरण नेटवर्क के विस्तार और बेहतर संचालन से प्रदर्शन में सुधार हुआ। प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा कि बैंक आगे ग्राहक-केंद्रित और डिजिटल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### खड़गपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में फिर छात्र की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में एक छात्र की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। मंगलवार को संस्थान के छात्रावास के एक कमरे से छात्र का शव बरामद किया गया। मृत छात्र की पहचान सोहम हलदार (22) के रूप में हुई है। वह विद्युत एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग के चौथे वर्ष का छात्र था। उसका घर उत्तर 24 परगना जिले के बारासात क्षेत्र में बताया गया है। पुलिस के अनुसार, सोहम पंडित मदनमोहन मालवीय छात्रावास के कक्ष संख्या 329 में रहता था। मंगलवार की सुबह काफी देर तक कक्ष का द्वार नहीं खुलने पर सुरक्षा कर्मियों को संदेह हुआ। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और द्वार तोड़कर भीतर प्रवेश किया। अंदर छात्र का शव फंदे से लटका मिला। उसे बी.सी. रॉय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 अप्रैल को भी इसी संस्थान में तृतीय वर्ष के छात्र जयबीर सिंह दरिया (21) की असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी। वह विनिर्माण अभियांत्रिकी का छात्र था और उसका शव परिसर में अटल बिहारी वाजपेयी छात्रावास के सामने मिला था।

### मायोपिया नियंत्रण के लिए एसीलॉर स्टेलेस्ट लेंस भारत में लॉन्च

**कोलकाता :** बच्चों में तेजी से बढ़ते मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) पर नियंत्रण के लिए एसीलॉर लक्सोटिका ने एसीलॉर स्टेलेस्ट लेंस भारत में पेश किया है। कंपनी के अनुसार यह अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) से अधिकृत ऐसा पहला विशेष चश्मा लेंस है, जो बच्चों में मायोपिया बढ़ने की गति को धीमा करने के लिए बनाया गया है। कंपनी ने दावा किया कि क्लिनिकल परीक्षणों में इस लेंस ने दो वर्षों में मायोपिया की प्रगति को औसतन 71 प्रतिशत तक कम किया। भारत में शहरी बच्चों में मायोपिया तेजी से बढ़ रहा है और 2050 तक लगभग 50 प्रतिशत बच्चों के प्रभावित होने का अनुमान है। एसीलॉर लक्सोटिका इंडिया के अधिकारियों ने कहा कि यह तकनीक डॉक्टरों और अभिभावकों को बच्चों की आंखों की देखभाल के लिए बेहतर विकल्प देगी। कंपनी चरणबद्ध तरीके से मेट्रो और अन्य शहरों में इसकी उपलब्धता बढ़ाएगी।

### बंगाल चुनाव में मिठाइयों का रंग, राजनीतिक प्रतीकों के साथ खास तैयारियां




**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल चरम पर है और इसके साथ ही राज्य की पारंपरिक मिठास भी खास अंदाज में नजर आ रही है। चुनावी सरगर्मी के बीच मिठाई दुकानों में राजनीतिक दलों के प्रतीकों के अनुरूप विशेष मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। राज्य के विभिन्न हिस्सों में मिठाई व्यवसायी फूल, घास-फूल, पद्म जैसे चुनावी प्रतीकों के आकार में मिठाइयां बना रहे हैं। इन अनोखी डिजाइनों वाली मिठाइयों को लेकर न केवल राजनीतिक समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है, बल्कि आम लोग भी इन्हें खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। मिठाई व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के समय इस तरह की थीम-आधारित मिठाइयों की मांग में काफी बढ़ोतरी होती है, जिससे उनके व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलता है। उनका मानना है कि यह परंपरा हर चुनाव में नए अंदाज के साथ सामने आती है और ग्राहकों को आकर्षित करती है। बंगाल की संस्कृति में मिठाइयों का विशेष स्थान रहा है और चुनावी माहौल में यह परंपरा और भी जीवंत हो जाती है। इस बार भी चुनाव के दौरान मिठाइयों की मिठास लोगों के बीच उत्सव और खुशी का माहौल बना रही है।

## टॉलीगंज फिल्म उद्योग के हितधारकों ने सभी बांग्ला फिल्मों के लिए बीमा अनिवार्य करने का किया फैसला

**कोलकाता, समाज्ञा :** अभिनेता राहुल अरुणोदय बनर्जी की मौत सहित हाल की विभिन्न घटनाओं के मद्देनजर टॉलीगंज मनोरंजन उद्योग के हितधारकों ने नए सुरक्षा उपायों के तहत सभी बांग्ला फिल्मों के लिए बीमा अनिवार्य करने का फैसला किया है। 'ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन' (ईआईएमपीए) और 'वेस्ट बंगाल मोशन पिक्चर आर्टिस्ट्स फोरम' के वरिष्ठ पदाधिकारियों की यह संयुक्त बैठक फिल्म सेटों पर सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने तथा एक नयी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का मसौदा तैयार करने के उद्देश्य से बुलाई गयी थी। ईआईएमपीए अध्यक्ष पिया सेनगुप्ता, चेयरमैन ऋतब्रता भट्टाचार्य, फिल्म निर्माता राणा सरकार व प्रदीप नंदी भी इस बैठक में शामिल हुए, जबकि निर्माता श्रीकांत मोहता इससे



डिजिटल तरीके से जुड़े। 'सीनियर आर्टिस्ट्स फोरम' के सदस्य प्रोसेनजीत चटर्जी, फोरम सचिव शांतिलाल मुखोपाध्याय तथा अभिनेत्री बिदिप्ता चक्रवर्ती सहित अन्य लोग भी इस बैठक में उपस्थित थे। राणा ने बताया कि फिल्म बीमा के साथ-साथ हमने सेट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई उपायों पर चर्चा की। लिखित एसओपी जल्द ही साझा की जाएगी। प्रस्तावित बीमा कवर प्रत्येक फिल्म के बजट पर निर्भर होगा, लेकिन इसमें सभी पहलुओं का ध्यान रखा जाएगा। सेनगुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि 30 मार्च को राहुल की मौत ने सुरक्षा उपायों की कमियों को उजागर कर दिया। उन्होंने कहा कि साथ-साथ काम करते हुए हम कुछ क्षेत्रों में थोड़े असंगठित हो गए थे। राहुल ने हमें दिखाया कि हमें अधिक व्यवस्थित होने की जरूरत है। शूटिंग के दौरान शराब पीने और धूम्रपान पर संभावित पाबंदियों सहित, आचार संहिता लागू करने जैसे मुद्दों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बिदिप्ता ने कहा, 'हमने ऐसे सभी मुद्दों पर चर्चा की है, और जल्द ही इस पर कोई फैसला किया जाएगा।

## मजबूत लोकतंत्र की नींव है जिम्मेदार वोट : कोठारी इंडस्ट्रीज की अपील

**कोलकाता :** कोठारी इंडस्ट्रीज ने आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों को लेकर नागरिकों से जिम्मेदार और जागरूक मतदान करने की अपील की है। कंपनी के प्रतिनिधि अरुण कोठारी ने कहा कि व्यवसाय और समाज दोनों में सफलता एक मजबूत नींव जिम्मेदारी पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि कोठारी इंडस्ट्रीज नींव से निर्माण तक के सिद्धांत पर कार्य करती है, और यही विचार लोकतंत्र पर भी लागू होता है। एक मजबूत राष्ट्र की शुरुआत एक मजबूत वोट से होती है। अरुण कोठारी ने राज्य के मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग सकारात्मक, जिम्मेदारीपूर्ण और समझदारी के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि राज्य, व्यवसाय और आने वाली



पीढ़ियों के भविष्य की आवाज है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मूक दर्शक बनकर न रहें, बल्कि एक बेहतर बंगाल के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार मजबूत आधार बोल्ट, स्कैफोल्डिंग और निर्माण समाधान के माध्यम से सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाता है, उसी प्रकार मूल्यवान वोट के जरिए एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण भी संभव है।

## पैंक्रियाटिक कैंसर की जटिल सर्जरी के ज़रिए सफलतापूर्वक इलाज

**कोलकाता :** 65 साल के एक बुज़ुर्ग मरीज़ को पैंक्रियाटिक ट्यूमर के एडवांस स्टेज का पता चला था, जिसे पहले लाइलाज माना जाता था। इस मरीज़ का कीमोथेरेपी और उसके बाद एक जटिल सर्जरी के ज़रिए सफलतापूर्वक इलाज किया गया, जो चिकित्सा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। मरीज़ को पैंक्रियाटिक कैंसर का 'लोकल एडवांस' स्टेज था और बीमारी की गंभीरता को देखते हुए शुरू में उसे इलाज के लिए अयोग्य माना गया था। कई अस्पतालों ने ट्यूमर के एडवांस स्टेज का हवाला देते हुए इलाज करने से मना कर दिया था। बाद में डॉ. संजय मंडल ने इस मामले की जाँच की और इलाज के पहले कदम के तौर पर 'नियोएडजुवेंट कीमोथेरेपी' शुरू की। चार महीने के इलाज के बाद, मरीज़ में काफी सकारात्मक सुधार देखने को मिला, जिससे सर्जरी की संभावना बनी। इसके बाद एक बड़ी 'व्हिपल प्रक्रिया' की गई, जिसमें धमनी और शिरा दोनों को काटकर फिर से जोड़ने का काम शामिल था। पैंक्रियाटिक कैंसर के मामलों में इस तरह की धमनी पुनर्निर्माण सर्जरी बहुत कम की जाती है, क्योंकि यह बहुत जटिल होती है और इसमें जोखिम भी ज़्यादा होता है; इसी वजह से यह प्रक्रिया खास तौर पर महत्वपूर्ण मानी जाती है। सर्जरी के बाद मरीज़ की सेहत में तेज़ी से सुधार हुआ और उसे स्थिर हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उसने आगे के इलाज के तौर पर कीमोथेरेपी फिर से शुरू कर दी है, और फिलहाल मरीज़ की हालत काफी अच्छी है।

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना-2026 की घोषणा, देशभर से आमंत्रित प्रविष्टियां

**कोलकाता, समाज्ञ :** दक्षिण पूर्व रेलवे के अनुसार रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों के अनुभवों के माध्यम से रेलवे सेवाओं को और बेहतर बनाना है। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर के नागरिकों और रेलकर्मियों से हिंदी में लिखित मौलिक रेल यात्रा वृत्तांत आमंत्रित किए गए हैं। चयनित प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 10,000, द्वितीय 8,000, तृतीय 6,000 तथा पाँच प्रेरणा पुरस्कार 4,000 प्रत्येक निर्धारित किए गए हैं। प्रविष्टि हिंदी में स्वरचित एवं मौलिक होनी चाहिए, जिसकी शब्द सीमा 3000 से 3500 शब्द तय की गई है। लेख डबल स्पेस में टंकित होना चाहिए और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित करना अनिवार्य है। प्रतिभागियों को अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर, ई-मेल तथा कुल शब्द संख्या का उल्लेख करना होगा। सरकारी सेवाओं में कार्यरत प्रतिभागियों को यह प्रमाणित करना होगा कि उनके विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है, जबकि अन्य प्रतिभागियों को आपराधिक मामला लंबित न होने की घोषणा देनी होगी। बिना घोषणा-पत्र वाली प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां दो प्रतियों में 31 जुलाई 2026 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कक्ष संख्या-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली - 110002 के पते पर भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 832 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ दर्ज किया

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एसएफबी) ने वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 832 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ दर्ज किया है। आरओए 1.8% और आरओई 17% रहा; जमा राशि में साल-दर-साल 23% और ऋण में 21% की बढ़ोतरी हुई। वित्तीय वर्ष26 का मुनाफ़ा 25% बढ़कर 2,641 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष26 के लिए प्रति शेयर 1/- (अंकित मूल्य का 10%) का लाभांश घोषित किया गया। शुद्ध ब्याज मार्जिन क्यू3'वित्तीय वर्ष26 के 5.7% से बढ़कर क्यू4'वित्तीय वर्ष26 में 24बीपीएस की बढ़ोतरी के साथ 5.96% हो गया। फंड की लागत क्यू4'वित्तीय वर्ष26 में तिमाही-दर-तिमाही 12 बीपीएस और घटकर 6.49% हो गई। शुद्ध ब्याज आय में साल-दर-साल 23% और तिमाही-दर-तिमाही 10% की बढ़ोतरी हुई, जो बढ़कर 2,582 करोड़ हो गई। मुख्य अन्य आय में साल-दर-साल 14% और तिमाही-दर-तिमाही 7% की बढ़ोतरी हुई, जो बढ़कर 748 करोड़ हो गई। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा: एक मजबूत बैंक की नींव बनाने में कम से कम एक दशक लगता है और एयू के लिए दसवें वर्ष में प्रवेश करना हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 'फॉरएवर बैंक' का निर्माण रणनीति, निष्पादन और मूल्यों में निरंतरता की मांग करता है, और वित्तीय वर्ष26 ठीक उसी का प्रतिबिंब है।

### रेलवे ने 30,000 पद खत्म करने की खबरों को बताया गलत, स्पष्टीकरण जारी किया

**कोलकाता :** भारतीय रेल ने 30,000 पदों को हटाने संबंधी खबरों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि ऐसी रिपोर्ट तथ्यहीन और भ्रामक हैं। जानकारी के अनुसार, मैनपावर रेशनलाइजेशन एक नियमित प्रक्रिया है, जिसके तहत समय के साथ अप्रासंगिक हो चुके पदों को हटाकर उन्हें महत्वपूर्ण परिचालन और सुरक्षा श्रेणियों में पुनर्वितरित किया जाता है। इसका उद्देश्य मानव संसाधन का बेहतर उपयोग और कार्यक्षमता में सुधार सुनिश्चित करना है। रेलवे ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सुरक्षा से जुड़े क्षेत्रों में हजारों नए पद सृजित किए गए हैं। इसलिए स्वीकृत पदों की कुल संख्या में कोई शुद्ध कमी नहीं की गई है। रेलवे ने आम लोगों से अपील की है कि वे ऐसी अपुष्ट खबरों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।

# कोलकाता, 24 परगना और हावड़ा की भूमिका सरकार का फैसला करने में होगी महत्वपूर्ण

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में उत्तरी हिस्से की पहाड़ियों या जंगलमहल के वनक्षेत्र की तुलना में दक्षिणी बंगाल के घनी आबादी वाले मैदानी इलाकों की भूमिका सरकार बनाने में अधिक महत्वपूर्ण होती है। उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले इस चुनावी जंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह दोनों जिले कोलकाता और हावड़ा के साथ तृणमूल कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इन्हें सत्ता हासिल करने का महत्वपूर्ण रास्ता मान रही है। भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी के दक्षिणी गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है। यहां के दो



सबसे बड़े जिले - 33 सीट वाला उत्तर 24 परगना और 31 सीट वाला दक्षिण 24 परगना - एक बार फिर बंगाल के चुनाव जीतने की कुंजी साबित होंगे। कोलकाता की 11 सीट और हावड़ा की 16 सीट के साथ, ये चार जिले बंगाल विधानसभा की 294 सीट में से 91 सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं - जो सदन का लगभग एक तिहाई हिस्सा होने के कारण 2026 के चुनावों में सबसे निर्णायक क्षेत्र बन जाते हैं। उत्तर और दक्षिण 24 परगना के चुनावी समर पर सबकी नजरें हैं जिसे बंगाल के राजनेता अक्सर ''बंगाल के चुनावी नक्शे का उत्तर प्रदेश'' कहते हैं। यह वह क्षेत्र है जो राज्य सचिवालय नबान्न में अहम भूमिका निभा सकता है। प्रेसिडेंसी प्रभाग में कोलकाता, हावड़ा, नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना शामिल है तथा यहां 111 सीट हैं। यह तृणमूल कांग्रेस का सबसे मजबूत गढ़ बना हुआ है। पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के मजबूत प्रयासों के बावजूद तृणमूल कांग्रेस ने इन 111 में से 96 सीट जीतीं, जबकि भाजपा को केवल 14 और इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) को एक सीट ही मिल पाई। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी पकड़ मजबूत की और यहां की 21 सीट पर बढ़त हासिल की, जबकि तृणमूल कांग्रेस 90 सीट में आगे रही। तृणमूल कांग्रेस के लिए चुनावी गणित बिल्कुल स्पष्ट है। वह अगर इस स्थिति को बरकरार रखती है तो उसका लगातार चौथी बार सत्ता में आने का रास्ता खुला रहेगा। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा, अगर हम उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा को अपने पास बनाए रखते हैं, तो बंगाल हमारे पास रहेगा। ये सिर्फ सीट नहीं हैं, ये ममता बनर्जी की राजनीति का सामाजिक आधार हैं। जबकि भाजपा इसी भौगोलिक क्षेत्र को सत्ता परिवर्तन का मार्ग मानती है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, उत्तर 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा में पैठ बनाए बिना हमारे लिए सत्ता तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है।

## दूसरे चरण के मतदान से पहले बांग्लादेश से सटे सीमा मार्गों से आवागमन प्रतिबंधित

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में आज होने वाले विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण से पहले उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश सीमा मार्गों पर लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रतिबंध 26 अप्रैल को लागू किया गया है और मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतिबंध 'पेट्रापोल लैंड पोर्ट' पर भी लागू है। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में 26 अप्रैल को शाम छह बजे से मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक बांग्लादेश जाने और बांग्लादेश से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए लोगों और वाहनों की आव-ाजाही पर रोक लगाने का आदेश जारी किया गया है। हालांकि, इस आदेश में चिकित्सा आपात स्थितियों, अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लौटने वाले मतदाताओं और तय समयसीमा में खराब होने वाली वस्तुओं के परिवहन के मामलों में छूट की अनुमति दी गई है। 'पेट्रापोल लैंड पोर्ट' के एक अधिकारी ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका के मद्देनजर यह प्रतिबंध सीमा पार आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से लगाया गया है, खासकर उत्तर 24 परगना जैसे सीमावर्ती जिलों में, जिनकी बांग्लादेश के साथ खुली सीमा लगती है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा संख्या: एमसी-54-एमसीसी-आरपीएच-एजेड-25, दिनांक: 27.04.2026।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पश्चिम बंगाल, पिन-711101 निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** रामपुरहाट और आजिमगंज कोचिंग डिपो और प्लेटफॉर्म पर 3 साल की अवधि के लिए आरटी मेल/एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का सूखा झाड़ू लगाना और शौचालय की सफाई। **निविदा मूल्य:** ₹1,89,84,954.51। **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** ₹2,44,900। **अनुबंध की अवधि:** कार्य शुरू होने की तारीख से 36 महीने। **निविदा दस्तावेज़ की कीमत:** ₹5,000। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in। **बोली बंद होने की तारीख और समय:** 18.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **पूर्व बोली बैठक की तारीख और समय:** 30.04.2026 को दोपहर 12.00 बजे। **पूर्व बोली बैठक का स्थान:** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा स्थित वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (समन्वय) का कार्यालय।

(HWH-36/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## कुल्टी में नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में सीआईएसएफ जवान गिरफ्तार

**आसनसोल :** आसनसोल के कुल्टी में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक सीआईएसएफ जवान को गिरफ्तार किया गया है। आसनसोल कोर्ट ने उसे 14 दिनों की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया है। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। हालांकि, पुलिस ने पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करते हुए कोई अर्जी दाखिल नहीं की। कुल्टी थाने के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार सीआईएसएफ जवान कुल्टी के शीतलपुर कैंप में तैनात था। उसे चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात नहीं किया गया था, बल्कि, वह ईसीएल माइनिंग एरिया में सिक्योरिटी के लिए जिम्मेदार था। पुलिस सूत्रों के



मुताबिक, यह घटना आसनसोल के कुल्टी थाना के इलाके में हुई। रविवार की दोपहर दो नाबालिग लड़कियां आम तोड़ने के लिए बाहर गई थीं। सीआईएसएफ कैंप उस जगह के पास ही है जहां वे फल तोड़ रही थीं। आरोप है कि आरोपी जवान ने दोनों लड़कियों को और आम देने का वादा करके अपने क्वार्टर में बुलाया। फिर, उसने एक लड़की को बाहर इंतजार कराया और दूसरी को अपने कमरे में ले गया, जहां उसने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित के परिवार का यह भी आरोप है कि जब लड़की चिल्लाई, तो जवान ने उसे धमकाया। परिवार का दावा है कि नाबालिग लड़की किसी तरह सीआईएसएफ जवान के चंगुल से छूटकर मौके से भाग गई। घर लौटने पर, उसने अपने परिवार वालों को पूरी घटना बताई। फिर, परिवार ने अपने पड़ोसियों को इस मामले की जानकारी दी। घटना के बाद, स्थानीय लोग सीआईएसएफ कैंप में इकट्ठा हुए और विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही, उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद, पीड़ित के परिवार ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने सोमवार को जवान को गिरफ्तार कर लिया। बाद में, उसे आसनसोल कोर्ट में पेश किया गया।

### अंतिम चरण के मतदान से पहले तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**पूर्व बर्दवान :** चुनाव के दूसरे व अंतिम चरण के तहत बुधवार को होने वाले मतदान से पहले राज्य में माहौल बिगाड़ने के किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक पार्षद को गिरफ्तार किया गया। पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान नगरपालिका के तृणमूल पार्षद नारू गोपाल को भाजपा के एक नेता के आवास पर हमले में शामिल होने तथा धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी के अनुसार, नारू के खिलाफ निर्वाचन आयोग के समक्ष भी शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि, तृणमूल पार्षद ने अपने ऊपर लगए आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मैं जनता के लिए काम करता हूं। मुझे इसी कारण गिरफ्तार किया गया है।



आज दक्षिण 24 परगना जिले में दूसरे और अंतिम चरण के मतदान से पहले, मतदान अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और अन्य चुनावी सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होते हुए।

**Change of Name**

I, Richa Dugar, wife of Jaswant Gupta, residing at B/138, Shree Apartment, 138, G T Road, Howrah-711102, do hereby solemnly affirm and declare that my correct name is Richa Dugar and Richa Dugar and Richa Dugar Gupta is one and same identical person via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 24th April 2026.

**Change of Name**

I, Monica Dugar, wife of Rishab Kumar Dugar, residing at Shree Apartment, Block-B, Flat-318, 138, G T Road, Howrah-711102, do hereby solemnly affirm and declare that my correct name is monica Dugar after marriage with Rishab Kumar Dugar and Monica Dugar and Monika Kothari is one and same identical person via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 24th April 2026.

### ब्रिटानिया 50-50 ने 'चीज' और 'कैरेमल डिप्ड क्रंची लेयर्ड सैंडविच' लॉन्च कर प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के लोकप्रिय ब्रांड 50-50 ने अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए 'चीज डिप्ड' और 'कैरेमल डिप्ड क्रंची लेयर्ड सैंडविच' लॉन्च किए हैं। कंपनी के अनुसार, यह नया उत्पाद ब्रांड के डुअल फ्लेवर कॉन्सेप्ट को आधुनिक रूप में पेश करता है, जिसमें 50 प्रतिशत क्रंची और 50 प्रतिशत मेल्टी अनुभव मिलता है। 22 बेक्ड लेयर्स से तैयार इस स्नैक में कुरकुरापन और मखमली टेक्सचर का अनोखा संगम है। ब्रिटानिया के वाइस-प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि नए उत्पाद में फ्लेवर के साथ-साथ टेक्सचर पर भी खास ध्यान दिया गया है। प्रोडक्ट के प्रचार के लिए क्रिकेटर ऋषभ पंत और जेमिमा रोड्रिग्स के साथ नया विज्ञापन भी जारी किया गया है, जो क्रंच बनाम मेल्ट थीम पर आधारित है।

## हावड़ा में मतदान से वंचित रहीं दो महिलाएं

### मतदाता सूची में नाम न होने से निराशा

**हावड़ा, समाज्ञा :** बंगाल में बुधवार को होने वाले मतदान से पहले हावड़ा के सांकराइल क्षेत्र से एक मार्मिक मामला सामने आया है। जहां दो महिलाएं मतदाता सूची में नाम न होने के कारण इस बार मतदान नहीं कर पाएंगी। सारेंगा निवासी नाजनीन खातून मल्लिक (46), जो हावड़ा अदालत में वकील हैं और उनकी भाभी जिल-ुरनाहार मल्लिक, जो पेशे से आशा कर्मी हैं। दोनों लंबे समय से मतदाता रही हैं। नाजनीन का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में दर्ज था और वह प्रत्येक चुनाव में मतदान करती आई हैं। दोनों महिलाएं सांकराइल



विधानसभा क्षेत्र के 250 नंबर बूथ की मतदाता रही हैं।

बताया गया कि उनके नाम इस बार विचाराधीन सूची में चले गए थे, जिसके बाद उन्होंने जोका स्थित ट्राइब्यूनल कार्यालय में आवेदन किया। उन्हें उम्मीद थी कि सभी दस्तावेज जमा करने और सुनवाई में शामिल होने के बाद उनका नाम अंतिम सूची में जुड़ जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। दोनों महिलाओं ने पासपोर्ट, आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए। उनका आरोप है कि वे कई बार ट्राइब्यूनल कार्यालय भी गईं, लेकिन केंद्रीय बल के जवानों ने उन्हें अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। इसके बाद उन्होंने इस महीने की शुरुआत में अपने दस्तावेज डाक के माध्यम से भी भेजे, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ। मतदाता सूची में नाम न आने से दोनों महिलाएं बेहद आहत और निराश हैं। उनका कहना है कि हर बार मतदान करने के बावजूद इस बार वोट न दे पाना उनके साथ अन्याय जैसा है।



दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर पुलिस जिले में दूसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा की रद्दगी**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के नज़दीक, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **ई-निविदा संख्या: 10_2026-27, बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.05.2026 को दोपहर 2.00 बजे को कुछ तकनीकी कारणों के चलते एतदद्वारा **रद्द** कर दिया गया है।

(HWH-38/2026-27)

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा, दिनांक 17.04.2026

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** सी पी एम-जी एस यू-जबल-03-2026 दिनांक 17.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेल्वे के गति शक्ति यूनिट, जबलपुर मे आर एफ पी के अनुसार, रोड ओवर ब्रिज (ROB), फुट ओवर ब्रिज (FOB), स्टेशन विकास, बाईपास, शेड एवं अन्य निर्माण साइट्स पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये :** 11,86,22,178.72, **बयाना राशि रुपये :** 23,72,500/-, **समापन अवधि :** 24 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक : 09.06.2026, निविदा खुलने का समय 15:30 बजे तिथि : 09.06.2026, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट 'https://ireps.gov.in' उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)

उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति यूनिट
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## दूसरे चरण से पहले एहतियाती उपायों के तहत 2,473 से अधिक लोग हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव के दूसरे चरण से पहले गहन निगरानी अभियान के तहत पिछले ढाई दिनों में कुल 2,473 लोगों को हिरासत में लिया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, आज मतदान वाले कई जिलों में 'ढाई दिनों' के भीतर लोगों को पकड़ा (गिरफ्तारियां/हिरासत) में लिया गया है। आयोग के अधिकारी ने बताया कि सोमवार की रात को राज्य भर में 809 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि मंगलवार तक यह संख्या बढ़कर 2,473 हो गई। हिरासत में लिए गए अधिकतर लोगों की पहचान संभावित उपद्रवी के रूप में की गई। सोमवार की रात आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि



पूर्व बर्दवान में सबसे अधिक 479 लोगों को हिरासत में लिया गया/गिरफ्तार किया गया, उसके बाद उत्तर 24 परगना में 319 लोगों को हिरासत में लिया गया। दक्षिण 24 परगना में 246 लोगों को पकड़ा गया, जबकि हुगली में 49 और नदिया में 32 लोगों को पकड़ा गया। रविवार से सोमवार तक, आयोग ने इसी तरह विभिन्न जिलों में 1,095 'संभावित उपद्रवियों' को पकड़ा, लेकिन कोई विशिष्ट विवरण या सटीक स्थान नहीं बताया।

## हावड़ा में पोलिंग अधिकारियों की नाराजगी, पोस्टल बैलेट से मतदान न कर पाने का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले हावड़ा से एक चिंताजनक स्थिति सामने आई है, जहां कई पोलिंग अधिकारी अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाने को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। पोलिंग अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने हावड़ा के शरत सदन में प्रशिक्षण प्राप्त किया था, लेकिन अब तक उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने का अवसर नहीं मिला। उनका आरोप है कि जब वे पोस्टल बैलेट मतदान केंद्र पर पहुंचे, तो सूची में उनका नाम ही दर्ज नहीं था। इस संबंध में जिला प्रशासन से संपर्क करने पर हावड़ा के जिला शासक ने आश्वासन दिया है कि संबंधित कर्मचारियों के लिए मतदान की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि,




इस घटना को लेकर पोलिंग अधिकारियों में असंतोष और निराशा देखी जा रही है। उनका कहना है कि वे हजारों मतदाताओं को मतदान कराने की जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं, लेकिन स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाना बेहद दुखद है। अधिकारियों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है, ताकि वे भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।



उत्तर 24 परगना ज़िले के हालीशहर इलाके में दूसरे चरण के मतदान से पहले एसएसबी के जवानों ने मतदाताओं का भरोसा जीतने के लिए उनसे बातचीत की।

## हावड़ा में दूसरे चरण मतदान की तैयारियां पूरी



**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले हावड़ा जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। जिले के विभिन्न डीसीआरसी (डिस्ट्रिब्यूशन एवं रिसीविंग सेंटर) केंद्रों पर सोमवार से ही भारी गतिविधि देखी जा रही है। मतदान कर्मी ईवीएम, वीवीपैट, मतदाता सूची और अन्य आवश्यक सामग्री के साथ अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो चुके हैं। प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हावड़ा मैदान स्थित सेंट थॉमस चर्च स्कूल में मध्य हावड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए एक प्रमुख डीसीआरसी केंद्र स्थापित किया गया है। यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और पुलिस के साथ-साथ केंद्रीय बलों की तैनाती की गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सभी मतदान कर्मी अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



बीजेपी नेता दीपक सिंह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए।



# महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे: प्रधानमंत्री मोदी



**वाराणसी (उप्र) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और द्रमुक समेत विपक्षी दलों पर महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को रोकने के लिए हमला बोला। मोदी ने कहा कि वह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि महिलाओं के आरक्षण के अधिकार को लागू कराने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। संसद में इस विधेयक के गिरने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 'जन-आक्रोश महिला सम्मेलन' को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, ''आज इस कार्यक्रम में आप सभी बहनों-बेटियों से एक महायज्ञ की शुरुआत के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं।'' उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि ''काशी के सांसद, देश के प्रधानमंत्री के तौर पर मुझे देश हित में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आप सबका आशीर्वाद चाहिए। यह बड़ा लक्ष्य लोकसभा विधानसभा में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना है।'' महिलाओं को विशेष महत्व देते हुए उन्होंने कहा कि ''हमारी काशी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशा-लाक्षी, माता संकटा और मां गंगा जैसी दिव्य शक्तियों की भूमि है, ऐसे में आप सभी बहन बेटियों के इस समागम ने इस अवसर को बहुत दिव्य बना दिया।'' उन्होंने विपक्षी दलों खासतौर से सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ''अभी कुछ दिन पहले सपा और कांग्रेस जैसे दलों की वजह से हमारा यह प्रयास संसद में सफल नहीं हो पाया लेकिन आप सभी बहनों को फिर से भरोसा दिलाता हूं कि आपके लिए आरक्षण लागू कराने में मैं कोई कोर-कसर नहीं छोड़ूंगा।''

## 6350 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 6,350 करोड़ रुपये से अधिक की 163 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने 1,050 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 48 पूर्ण परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जबकि लगभग 5,300 करोड़ रुपये की 112 नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी।मुख्य परियोजनाओं में वाराणसी-आजमगढ़ सड़क चौड़ीकरण, कज्जाकपुरा और कादीपुर में रेल ओवर ब्रिज तथा भगवानपुर में 55 एमएलडी क्षमता वाला जल शोधन संयंत्र शामिल हैं।

## वाराणसी-पुणे और अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इनमें वाराणसी से पुणे (हडपसर) और अयोध्या से मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) के बीच ट्रेन शामिल हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार, यह कदम धार्मिक पर्यटन और आर्थिक गतिशीलता दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। वाराणसी और अयोध्या प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र हैं जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं।

# 'आधी आबादी' के मन में कांग्रेस, सपा समेत पूरे विपक्ष के प्रति आक्रोश : योगी



**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दावा किया कि महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा में पारित होने से रोकने वाली कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) समेत पूरे विपक्ष के प्रति 'आधी आबादी' के मन में आक्रोश है। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी में 6,300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के बाद आयोजित 'महिला सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में कानून निर्माता के रूप में महिलाओं की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हाल में लाए गए संविधान संशोधन विधेयक को कांग्रेस और सपा समेत विपक्षी दलों ने रोकने की साजिश की। उन्होंने कहा, ''महिलाओं को वर्ष 2029 में संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिले, यह सुनिश्चित होने से रोकने के लिए विपक्ष ने, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने, 'इंडिया' गठबंधन ने जो कुत्सित साजिश रची है, उसके खिलाफ आधी आबादी के मन में आक्रोश दिख रहा है।'' योगी ने कहा कि वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वागत के लिए उमड़ी बहनों की भीड़ इस बात की गवाही देती है कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के साथ आधी आबादी पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का परिणाम है कि आज हम सब नये भारत का दर्शन कर रहे हैं और यह नया भारत न केवल भौतिक विकास के नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है, बल्कि समग्र विकास की अवधारणा को साकार करते हुए विरासत से विकास की नयी यात्रा के जरिये 'विकसित भारत' की परिकल्पना को पूरा कर रहा है। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश के अंदर नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता के रूप में चार ही जातियां हैं और समग्र समाज एवं राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले इन चारों तबकों को भारत की राजनीति का एजेंडा बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि काशी प्राचीन काल से भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बिंदु रही है, लेकिन उसके बारे में जो धारणा थी, वह पिछले 11-12 वर्षों में बदलती हुई दिखाई दी है। योगी ने कहा कि जिस काशी ने भारत की सनातन परंपरा को जीवंतता प्रदान की और भारत की आत्मा को अपने भीतर संजोया, वही काशी आज एक नये कलेवर के साथ दुनिया के सामने है।

# 'रंग दे गुलाबी': एक ही दिन में जयपुर शहर की 500 दीवारें रंगी जाएंगी




**जयपुर :** जयपुर नगर निगम ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी अभियान रंग दे गुलाबी की घोषणा की, जिसके तहत दो मई को पूरे शहर में एक ही दिन में 500 दीवारों को रंगा जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शहर की सुंदरता बढ़ाना और बड़े पैमाने पर जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है। नगर निगम आयुक्त ओम केसरा ने कहा कि यह पहल जयपुर के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगी। उन्होंने कहा, निगम का ध्यान शहर को और अधिक जीवंत और आकर्षक बनाने पर है। उन्होंने बताया कि एक ही दिन में 500 दीवारों को रंगने का लक्ष्य रखा गया है, जो एक अनूठा, सामुदायिक प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल जयपुर के पारंपरिक गुलाबी रंग तक सीमित नहीं है, बल्कि विभिन्न कलात्मक और जीवंत रंगों का उपयोग कर शहर को सजाने का प्रयास करेगा। गुलाबी रंग के साथ-साथ रचनात्मक डिजाइन और अलग-अलग रंगों का प्रयोग कर विभिन्न क्षेत्रों को विशिष्ट पहचान दी जाएगी, जो आधुनिक रूप में शहर की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाएगी। आयुक्त ने बताया कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, गैर सरकारी संगठनों, निजी संस्थानों, कॉरपोरेट समूहों और नागरिकों को स्वेच्छा से इस अभियान में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की बड़ी जीत होगी: चिराग पासवान




**पटना :** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ''बड़ी जीत'' का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के ''हिंसक, भ्रष्ट और तानाशाही'' शासन से ऊब चुकी है। भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान ने पटना में संवाददाताओं से कहा, ''पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी के तानाशाही, हिंसक और भ्रष्ट शासन से मुक्ति पाने के लिए मतदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के व्यापक चुनाव प्रचार ने लोगों में विश्वास पैदा किया है।'' उनका यह बयान पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान से एक दिन पहले आया है। उन्होंने दावा किया, ''मुझे पूरा विश्वास है कि चार मई को जिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आने वाले हैं, उन सभी में राजग बड़ी जीत की ओर बढ़ रहा है। आप मेरी बात नोट कर लीजिए। मैं कोई अनुमान नहीं लगा रहा हूं।'' पासवान ने यह टिप्पणी असम, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, केरल और तमिलनाडु के चुनावों के संदर्भ में की। हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पासवान से दिल्ली की एक हालिया घटना के बारे में भी पूछा गया, जिसमें बिहार निवासी एक व्यक्ति की कथित तौर पर एक पुलिस कांस्टेबल द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया है कि दिल्ली जैसे भाजपा शासित क्षेत्रों में बिहार के लोगों के खिलाफ ''घृणा आधारित अपराध'' हो रहे हैं।

# वाराणसी में भीड़ ने व्यवसायी को पीट-पीट कर मार डाला



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी के फूलपुर थानाक्षेत्र स्थित घमहापुर गांव में एक गुस्सायी भीड़ ने 38 वर्षीय व्यवसायी को कथित तौर पर पीट-पीट कर मार डाला। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने रविवार देर रात हुई इस घटना के संबंध में आठ लोगों के खिलाफ नामजद और सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) नीतू कादयान ने बताया कि रविवार रात जब मनीष सिंह अपने कारखाने से घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार से बिंदु प्रजापति नाम की एक महिला को टक्कर लग गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद विवाद बढ़ गया और हिंसक झड़प में तब्दील हो गया, जिसमें गंभीर चोट लगने से मनीष सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। कादयान ने बताया कि मृतक के परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद और सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि बाकी आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## राजस्थान: पुष्कर में फ्रांस के पर्यटक की आंत फटने से मौत

**जयपुर :** अजमेर जिले के पुष्कर शहर में फ्रांस से आए पर्यटक की मंगलवार सुबह बड़ी आंत फटने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुष्कर थाना प्रभारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि मृतक की पहचान फ्रांस निवासी जोस बोना (58) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जोस 15 अप्रैल को पुष्कर घूमने आए थे। वे यहां पुष्कर के ब्लू स्टार होटल में ठहरे हुए थे। 25 अप्रैल को हर्निया की समस्या के कारण उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हे पेट दर्द शुरू हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि होटल कर्मचारियों ने उन्हें जेएलएन अस्प-ताल में भर्ती करवाया। सोनोग्राफी में पता चला कि उनकी बड़ी आंत फट गई है। चिकित्सकों ने 26 अप्रैल को ऑपरेशन किया था, लेकिन 27 अप्रैल को इलाज के दौरान जोस की मौत हो गई। विक्रम ने बताया कि शव को मुर्दाघर में रखवा दिया गया है। जोस के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जोस पहले भी दो-तीन बार पर्यटक वीजा पर पुष्कर घूमने आ चुके हैं। इस बार वे 27 मार्च को भारत आए थे।

## सहारनपुर में आवारा कुत्तों के हमले में आठ वर्षीय बच्चे की मौत

**सहारनपुर (उप्र) :** सहारनपुर जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के झुंड ने आठ वर्षीय एक बच्चे को मार डाला। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लवीश (आठ) सोमवार शाम गांव के बाहर खेत से गेहूं की बालियां बीनने गया था और अकेला देखकर आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि परिजनों की लिखित सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लवीश के चाचा सुमित ने बताया कि फोन पर बच्चे के लहूलुहान होने की सूचना मिली। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लवीश चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर था और गांव के स्कूल में कक्षा तीन का छात्र था। उसके पिता गांव में ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट भरने का काम करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों के हमलों से लोग पहले से परेशान हैं और ग्राम प्रधान और प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# बिहार में इंजीनियरिंग की पढ़ाई का वार्षिक शुल्क मात्र 10 रुपये है: सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा बिहार ऐसा राज्य है जहां इंजीनियरिंग की पढ़ाई का वार्षिक शुल्क मात्र 10 रुपये तथा डिप्लोमा छात्रों से केवल पांच रुपये शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलों में आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थान तथा सभी जिलों में इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए गए हैं। चौधरी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नवनिर्मित बिहटा (पटना) स्थित प्रौद्योगिकी केंद्र और चार विस्तार केंद्रों (मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर) का उद्घाटन किया। चौधरी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-जनजाति हब के तहत उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रौद्योगिकी केंद्र परिसर में स्थापित विभिन्न इकाइयों और प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण भी किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्थापित इन प्रौद्योगिकी केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को डिप्लोमा और डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर मिलेंगे और रोजगार सृजन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल की पहली बैठक में बिहटा स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च सेंटर की स्थापना के लिए 200 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकार के एक वर्ष पूरे होने तक बिहार में पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश लाया जाए, ताकि बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित हों और रोजगार के अवसर बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जुलाई माह से राज्य के प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे तथा प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल की स्थापना की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सहयोग कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह दो दिन प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया जाएगा।

## राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर अगले सप्ताह भी जारी रहने के आसार



**जयपुर :** राजस्थान के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है और मौसम विभाग के अनुसार यह दौर अगले सप्ताह भी जारी रह सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के जयपुर केंद्र के अनुसार इस समय राज्य के कुछ भागों में भीषण गर्मी के बीच उष्ण लहर व ऊष्णरात्रि का दौर जारी है। इसने बताया कि अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 43 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार सुबह तक 24 घंटे की अवधि के दौरान सर्वाधिक 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान जैसलमेर में रहा। इसने बताया कि राज्य के दक्षिण पश्चिमी भागों में उष्ण लहर (हीटवेव) का दौर आज भी जारी रह सकता है। शेष अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान में एक-दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने व उष्ण लहर से आंशिक राहत मिलने की संभावना है। वहीं, एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने व बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं के प्रभाव से आगामी तीन-चार दिन दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ तेज आंधी चल सकती है। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

## निशांत कुमार तीन मई से पश्चिम चंपारण से 'सद्भाव यात्रा' शुरू करेंगे : उमेश कुशवाहा

**पटना :** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत अपनी 'सद्भाव यात्रा' की शुरुआत तीन मई को बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से करेंगे। कुशवाहा ने संवाददाताओं से कहा, ''जब भी नीतीश जी ने कोई यात्रा शुरू की, उन्होंने उसकी शुरुआत चंपारण की धरती से की। निशांत जी भी अपनी यात्रा की शुरुआत पश्चिम चंपारण से करेंगे, जहां वह चार मई तक दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि चंपारण के बाद यात्रा का अगला चरण सात मई को वैशाली जिले में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद के चरणों का विवरण समय आने पर दिया जाएगा। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह यात्रा आने वाले तीन-चार दशकों की राजनीति की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा, ''आज पूरा बिहार ऐसी नेतृत्व क्षमता की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है, जो समाज को साथ लेकर चल सके और राज्य को सद्भाव, सुशासन तथा विकास के मार्ग पर आगे बढ़ा सके। निशांत जी बिहार की 14 करोड़ जनता की सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और उनमें हमारे निर्विवाद नेता नीतीश कुमार जी के सभी गुण मौजूद हैं।'' कुशवाहा ने कहा कि 'सद्भाव' का अर्थ सदइच्छा और भाईचारा है तथा निशांत कुमार लोगों के प्रति इन भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह स्वयं, जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ यात्रा में निशांत कुमार के साथ मौजूद रहेंगे।

## यूपी पुलिस अधिकारी के वायरल वीडियो को लेकर अखिलेश का योगी सरकार पर हमला

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कथित अश्लील वीडियो प्रसारित होने से आदित्यनाथ सरकार की छवि बुरी तरह धूमिल हुई है। अधिकारी का नाम लिए बिना यादव ने कहा कि इस वीडियो ने भाजपा सरकार के नारी सम्मान और नारी वंदन के दावों का खोखलापन उजागर कर दिया है। यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, ''बंगाल चुनाव के दौरान ऑब्जर्वर बने उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का जो अभद्र वीडियो सरेआम देखा जा रहा है, उससे उत्तर प्रदेश सरकार के शासन-प्रशासन की छवि बेहद क्षतिग्रस्त हुई है। साथ ही भाजपा सरकार के तथाकथित 'महिला सम्मान' व 'नारी वंदन' के दावों की पोल भी महिलाओं के सामने पूरी तरह खुल गई है।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा शासन-प्रशासन में ऐसे व्यक्ति व अधिकारी अपवाद नहीं है। नारी को लगता है कि जिनके हाथ में महिला सुरक्षा की बागडोर है अगर वो 'ऐसे' हैं, तो हमारी सुरक्षा कैसे होगी। आज भाजपा से जुड़ी हर नारी शर्मिंदा है क्योंकि बहन-बेटियां तो उनके घरों में भी हैं।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, '''देखते हैं इनका निलंबन-बर्ख़ास्तगी कितनी जल्दी होती है। इसका सीधा संबंध मुख्यमंत्री जी की छवि से जुड़ा है। इस अधिकारी के ख़िलाफ़ जैसी कार्रवाई होगी वो तय करेगी कि मुख्यमंत्री जी का इस मामले में खुद का रुख कैसा है।''

## मुजफ्फरपुर में रहस्यमय परिस्थितियों में महिला और उसके दो बच्चों के शव मिले

**मुजफ्फरपुर :** बिहार के मुजफ्फरपु जिले में एक महिला और उसके दो छोटे बच्चों के शव मंगलवार को उनके घर में रहस्यमय परिस्थितियों में पाए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना जिले के कांटी थाना क्षेत्र के मधुबन जगदीश गांव की है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश सिंह प्रभाकर ने कहा, ''पुलिस को सूचना मिली कि 30 वर्ष की महिला और उसके दो छोटे बच्चे, जिनकी उम्र तीन वर्ष से कम है, मंगलवार सुबह रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पाए गए। घटनास्थल के पास एक रस्सी मिली है और प्रथम दृष्टया मृतकों के गले पर गला दबाने के निशान प्रतीत हो रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं तथा मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# मोदी का राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने स्वागत किया, भाजपा अध्यक्ष ने योगी संग बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए



**लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे, जहां बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख लोगों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वाराणसी पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं के साथ काशी स्थित बाबा विश्वनाथ धाम में विधिवत दर्शन-पूजन किया। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने 'एक्स' पर पोस्ट करके कहा, अविनाशी काशी में बाबा श्री काशी विश्वनाथ जी के गर्भगृह में विधिवत दर्शन-पूजन कर महादेव का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त किया। देवाधिदेव महादेव के चरणों में राष्ट्र की निरंतर प्रगति, जनकल्याण और प्रत्येक नागरिक की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। हर हर महादेव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ आज शिव नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन-पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों व प्रदेशवासियों का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, अविनाशी नगरी काशी स्थित विश्वनाथ धाम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ बाबा विश्वनाथ के ज्योतिर्लिंग का पूजन-अर्चन किया।

## झारखंड सरकार 70,000 से अधिक पुलिसकर्मियों के रोके गए वेतन का भुगतान जल्द करे : भाजपा

**रांची :** झारखंड की विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पुलिसकर्मियों के वेतन के शीघ्र भुगतान की मांग की, जिसे कई जिलों में सरकारी कोष में कथित अनियमितताओं के सामने आने के बाद रोक दिया गया था। पुलिस संघ ने दावा किया कि अनियमितताओं की जांच शुरू होने के बाद मार्च से 70,000 से अधिक कर्मियों का वेतन रोक दिया गया है। इस महीने की शुरुआत में हजारीबाग, बोकारो और रांची के कोषागारों से कई करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से निकासी का पता चला और कई पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया गया। झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने दावा किया कि सरकारी खजाने में घोटाला कुछ बेईमान व्यक्तियों द्वारा किया गया था, जबकि ईमानदार पुलिसकर्मी इसके परिणाम भुगत रहे हैं। मरांडी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जवाब दीजिए: अगर पुलिसकर्मियों को वेतन नहीं मिलेगा तो वे अपने परिवारों का भरण-पोषण कैसे करेंगे? सड़कों पर दोपहिया वाहन चालकों से जबरन वसूली करके? लोगों को फर्जी मामलों और मुकदमों में फंसाकर? या अपराधियों के साथ मिलीभगत करके?'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अंततः इस समस्या का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा, इसलिए, पुलिसकर्मियों को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''वेतन निधि से अनधिकृत निकासी की जांच शुरू होने के बाद मार्च से लगभग 70,000 से 80,000 पुलिसकर्मियों का वेतन रोक दिया गया है।''

## जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बना 'वॉटर पॉजिटिव', 'ब्यूरो वेरिटास' ने दी मान्यता

**जयपुर :** जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 'वॉटर पॉजिटिव' का दर्जा हासिल कर लिया है। 'वॉटर पॉजिटिव' से आशय यह है कि हवाई अड्डा जितना पानी उपयोग करता है, उससे अधिक पानी बचाता है। जयपुर हवाई अड्डा प्रबंधन ने यह जानकारी दी। जयपुर हवाई अड्डा प्रबंधन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह मान्यता वैश्विक परामर्श कंपनी 'ब्यूरो वेरिटास' द्वारा व्यापक मूल्यांकन के बाद दी गई है। जयपुर हवाई अड्डा प्रबंधन ने दावा किया है कि यह उपलब्धि राजस्थान में पहली बार किसी हवाई अड्डे को मिली है। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश के चुनिंदा हवाई अड्डों में शामिल हो गया है। विज्ञप्ति के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान जयपुर हवाई अड्डा ने 1,03,387 किलो लीटर पानी उपयोग किया, जबकि 1,37,085 किलो लीटर पानी पुनर्भरण और पुनर्चक्रण के माध्यम से बचाया।

# अक्ल बड़ी या सुंदरता

नरेंद्र देवांगन



खरगोश और बंदर चंपक वन के एक ही मोहल्ले में रहते थे। दोनों हमउम्र थे और अक्सर साथ-साथ घूमते फिरते थे।

जहां खरगोश अभिमानी स्वभाव का था, वहीं बंदर बहुत सीधा सादा और सरल स्वभाव का था। खरगोश को अपनी सुंदरता का बहुत घमंड था। वह बंदर को उस की काली सूरत पर व्यंग्य कर अक्सर चिढ़ाता था। बंदर 'दोस्त है' कह कर खरगोश की बातों को बुरा नहीं मानता था।

एक दिन खरगोश और बंदर वन में घनी झाड़ियों की ओर घूमने चले गए। उधर खूंखार जानवरों रीछ, चीता, शेर आदि का निवास था।

वे घनी झाड़ियों के बीच टहल रहे थे, तभी खरगोश ने पूछा, 'बंदर भाई, यदि मेरी सुंदरता तुम्हें मिल जाए तो तुम क्या करोगे?

बंदर समझ गया कि खरगोश उस की काली सूरत की हंसी उड़ाने के लिए पूछ रहा है।

खरगोश भाई, मैं जैसा भी हूं अच्छा हूं। मैं सुंदर बनने की चाह नहीं रखता और ऐसी बातों में समय गंवाना नहीं चाहता', बंदर बोला।

'काले हो न, इसलिए ऐसा कह रहे हो', कह खरगोश खिलखिला कर हंसने लगा।

तभी झाड़ियों के बीच से सूखे पत्तों की चरमराहट सुनाई दी तो दोनों डर गए। 'लगता है, आसपास कोई खतरनाक जानवर है। तुम रूको, मैं देखता हूं', कहता हुआ बंदर झाड़ी की तरफ देखने लगा।

तभी झाड़ियों से एक रीछ सामने आ गया। दोनों के होश उड़ गए। रीछ बहुत मोटा व तगड़ा था।

कुछ सोच कर बंदर चिल्लाया, 'खरगोश भाई, भागो,। रीछ हमें मार डालेगा।'

रीछ क्रोध से बंदर की ओर दौड़ा। बंदर भागते हुए तेजी से एक पेड़ पर चढ़ गया। रीछ पेड़ पर चढ़ना चाहता था मगर 1-2 बार कोशिश करने के बाद उस ने इरादा छोड़ दिया।

तभी रीछ की नजर खरगोश पर पड़ी। खरगोश भी एक दूसरे पेड़ पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था लेकिन चढ़ नहीं पा रहा था।

तब तक रीछ दौड़ कर खरगोश के बिलकुल नजदीक पहुंच गया और अपने पंजे से उस पर प्रहार किया। खरगोश चोट खा कर नीचे गिर गया। उस के लिए अब भागने का कोई मौका ही नहीं था। रीछ ने भरपूर प्रहार किया था, अतः वह दर्द से कराह उठा था।

बंदर से यह सब नहीं देखा गया। वह समझ गया कि खरगोश तो पेड़ पर चढ़ नहीं सकता और रीछ उसे मार डालेगा। वह खरगोश की जान बचाने के लिए पेड़ से जमीन पर कूदा।

रीछ खरगोश को छोड़ बंदर की ओर लपका। रीछ को अपनी ओर आते देख कर बंदर डरा नहीं बल्कि हिम्मत से काम लिया। रीछ ने अपने पंजे से बंदर पर प्रहार किया। बंदर जमीन पर गिर गया। बंदर चिल्लाया, 'खरगोश भाई, मेरी फिक्र मत कर। तू जल्दी से भाग कर कहीं छिप जा। मैं रीछ से किसी तरह निपट लूंगा'।

खरगोश झट से झाड़ियों के झुंड में छिप गया। उधर बंदर पेट के बल पड़ा हुआ था और रीछ से बचने का उपाय सोच रहा था। वह भाग कर पेड़ पर नहीं चढ़ सकता था क्योंकि रीछ उस पर हावी था।

अचानक उसे याद आया कि रीछ से बचने का सब से अच्छा तरीका यह होता है कि मरे हुए की तरह स्वांग बना कर लोथ की तरह पडे.रहो। रीछ को एक बार यकीन हो जाए कि उस का शिकार मर गया है तो वह निश्चिंत हो जाता है और शिकार को वैसा ही छोड़ कर चल देता है।

मुझे बिना हिलेडुले पड़े रहना चाहिए। चाहे कुछ भी हो, मुझे हिलना डुलना नहीं है', बंदर ने मन ही मन निश्चय किया।

रीछ बंदर के पास आया और उसे पंजे से हिलाया। फिर पंजे से उस की पीठ पर वार कर दिया। बंदर भीतर ही भीतर दर्द से बिलबिला उठा।

रीछ ने एक बार फिर बंदर की गरदन पर पंजे से वार किया। बंदर दर्द सहता हुआ सांस रोक कर पड़ा रहा। कुछ पल रूक कर रीछ घनी झाड़ियों में गुम हो गया।

खरगोश झाड़ियों के पीछे छिप कर सब कुछ देख रहा था। रीछ के चले जाने के बाद वह धीरे धीरे बंदर के पास आया।

बंदर भाई.............. बंदर भाई............... तुम ठीक तो हो?

उस ने घबराकर स्वर में पूछा।

'हां, मैं बिलकुल ठीक हूं', बंदर ने सिर उठा कर आसपास देखते हुए पूछा, 'रीछ भाग गया?'

'हां, घनी झाड़ियों में कहीं गुम हो गया', खरगोश ने जवाब दिया।

खरगोश की आंखों से आंसू बह रहे थे।

'यह क्या, खरगोश भाई। तुम रो रहे हो? 'बंदर ने पूछा।

खरगोश बोला, बंदर भाई, मैं थोड़ी देर पहले तुम्हारी सूरत को ले कर तुम्हारा अपमान कर रहा था। एक तुम हो जिस ने अपनी जान जोखिम में डाल कर मेरी जान बचाई। सच, मैं कितना बुरा हूं।'

भाई, बुरे वक्त में जो अपने दोस्त की रक्षा न कर सके वह दोस्त कैसा। मैं तुम से सच्ची मित्राता करता हूं, फिर तुम्हें रीछ के हाथों मरते कैसे देख सकता था? 'बंदर बोला'।

'भाई, मुझे माफ कर देना। अब मैं तुम से बुरा व्यवहार कभी नहीं करूंगा, खरगोश ने माफी मांगी।

'अरे, छोड़ो भी........... चलो, घर चलते हैं', बंदर ने खरगोश के आंसू पोंछते हुए कहा।

फिर दोनों घर की ओर चल पड़े।

चलते चलते खरगोश ने पूछा, 'बंदर भाई, रीछ तुम्हें छोड़ कर वापस कैसे चला गया?'

'खरगोश भाई, शायद यह बात तुम्हें मालूम नहीं होगी। रीछ को एक बार यकीन हो जाए कि उस का शिकार मर गया है तो वह निश्चिंत हो जाता है और शिकार को वैसा ही छोड़ कर चल देतर है। यह बात मेरे दिमाग में आते ही मैं मरे हुए की तरह स्वांग बना कर लोथ की तरह पड़ा रहा' बंदर ने रीछ से बचने का तरीका बताया।

खरगोश बोला, 'सच, अक्ल बड़ी चीज होती है, सुंदरता नहीं। (उर्वशी)

# वचन भंग की सजा

गुरिन्द्र भरतगढ़िया

बहुत पुरानी बात है। स्यन्तक नाम का एक ग्वाला था। वह अपने माता पिता के साथ बड़ी गरीबी के दिन गुजार रहा था। सुबह-सुबह वह अपनी गायों को लेकर जंगल के उस पार चला जाता और शाम होने पर लौटता।



एक दिन दूध न बिकने के कारण वह काफी दूर निकल गया। चारों तरफ अंधेरा फैल गया और लौटते-लौटते रात हो गई। भूखा-प्यासा जंगल में रास्ता भूल गया। बहुत देर तक भटकने के बाद वह एक तालाब के किनारे लेट गया। लेटते ही उसे नींद आ गई।

आधी रात को संगीत की आवाज से उसकी आंख खुल गई। उसने देखा तालाब के चारों तरफ खूब रोशनी है। ठंडी हवा चल रही है और संगीत की आवाज आ रही है। आश्चर्यचकित स्यन्तक उठ बैठा। तालाब के उस पार बहुत सी परियां नाच गा रही थीं और बीच में सिंहासन पर एक सुनहरे परों वाली रानी परी बैठी थी।

स्यन्तक के उठते ही सारी परियां रूक गईं। सुनहरी परी स्यन्तक के पास आई। उसे देख कर डर के मारे वह कांपने लगा। बड़ी कठिनाई से उसने परी को जंगल में रूकने का कारण बताया। उसकी दशा पर दया करके परी ने कहा, 'तुम हर रोज यहां आकर नाच-गाना देख सकते हो परंतु यह बात कभी किसी को बताना नहीं। अगर बता दिया तो तुम्हारा शरीर पत्थर का हो जाएगा।

सुबह होने पर सारी परियां आसमान में उड़ गईं। स्यन्तक भी घर चला आया। अब वह प्रतिदिन दूध बेच कर रात को जंगल में ही रूक जाता। उसके माता-पिता को घर न आने का कारण पूछते। पर वह कुछ नहीं बताता। धीरे-धीरे यह बात सारे गांव में फैल गई कि स्यन्तक रात को घर नहीं आता। गांव के बड़े-बूढ़ों ने उसके माता-पिता को समझाया कि इसकी शादी कर दो। गृहस्थी होने पर स्वयं ही घर लौट आया करेगा।

स्यन्तक की शादी दूसरे गांव में तय हो गई। निश्चित दिन बारात धूम धाम से चल दी। 'पीटर बोथ' की पहाड़ी पर पहुंचते-पहुंचते रात हो गई। अतः सारी बारात ने वहीं डेरा डाल दिया। स्यन्तक के मित्रा उसे घेर कर बैठ गए और उसके रात को घर न आने का कारण पूछने लगे। पहले तो वह टालता रहा पर फिर उससे नहीं रहा गया। उसने सोचा इतने दिनों का साथ होने के कारण अब परियां तो कुछ कहेंगी नहीं, इस लिए इन मित्रों को बता देता हूं।

वह आराम से पहाड़ी पर बैठ गया और अपनी बात कहने लगा। अभी वह कह भी नहीं पाया था कि बड़ी तेज बिजली चमकी और जोर से गड़गड़ाहट हुई। सभी सहम गए। होश आने पर सबने देखा कि स्यन्तक का शरीर पत्थर में बदल गया था।

आज भी मारीशस में पीटर बोथ की पहाड़ी पर आदमी के शरीर के आकार में पत्थर की शिला दूर से ही देखी जा सकती है। तभी से इस पहाड़ी को गुड़िया पहाड़ी भी कहा जाने लगा। स्यन्तक अपना वचन भंग करने की सजा आज भी भोग रहा है। (उर्वशी)

# बीरबल की बुद्धिमत्ता



परशुराम संबल

महान मुगल सम्राट अकबर के दरबार में बीरबल उनके नौ रत्नों में से एक थे। वे अपनी हाजिर जवाबी के लिये प्रसिद्ध थे। बातों बातों में वे अपनी तीव्र बुद्धि और सूझबूझ से समस्या का समाधान कर देते थे। बादशाह को बीरबल की बुद्धिमत्ता पर गर्व था। अकबर बादशाह हास्य विनोद के द्वारा समय समय पर बीरबल की बुद्धि परीक्षा लेते रहते थे।

एक बार अकबर ने बीरबल को दरबार में बुलाया और कहा-'बीरबल, मैं तुम्हें एक काम सौंप रहा हूँ?'

'हुक्म कीजिये महाराज।' बीरबल ने विनम्र स्वर में कहां-

'जितनी जल्दी हो सके, तुम्हें गिनती करके यह बताना है कि दिल्ली में कुल कितने कौवे बसते हैं? " अकबर ने कहा।

बीरबल ने कहा-बादशाह सलामत मुझे दस दिन का समय दीजिये, मैं पूरी और सही जानकारी लेकर आपके सम्मुख उपस्थित हो जाऊंगा।"

बादशाह अकबर ने बीरबल को दस दिन का समय दे दिया।

ठीक दस दिन के पश्चात् बीरबल दरबार में उपस्थित हुआ और बादशाह से कहा-'हुजूर, आपके हुक्म के मुताबिक मैंने दिल्ली के कौवों की गिनती कर ली है। दिल्ली में कुल आठ हजार चार सौ पचपन कौवे हैं।"

अकबर ने मुस्करा कर कहा - "अगर गिनती करने पर उससे कम या ज्यादा निकले तो?'

बीरबल ने झट से कहा -'हुजूर अगर गिनती करने पर कौओं की संख्या मेरी गिनती से ज्यादा निकले तो समझ लीजिये कि उतने कौवे बाहर से दिल्ली में अपने रिश्तेदारों के यहां बतौर मेहमान आये हुए हैं और अगर कौवे गिनती में कम निकले तो समझ लीजिये कि उतने ही कौवे दिल्ली से बाहर अपने मित्र या रिश्तेदारों के यहां गये हुए हैं।'

बीरबल का उत्तर सुनकर अकबर बादशाह खुश हुए। इसके विपरीत कोई दूसरा तर्क था भी नहीं। (उर्वशी)

# परीक्षा में प्रथम कौन आया

आदू और साबू दोनों रोमू ही की कक्षा में पढ़ते थे। एक बार उन में परीक्षा में प्रथम स्थान पाने के लिए होड़ लग गई थी। तब वे 10वीं कक्षा में थे।

आदू कहता था, इस साल मैं ही प्रथम आऊंगा। दूसरी तरफ साबू कहता था, पढ़ाई में मुझ से आगे निकलने वाला छात्र तो कोई है ही नहीं। पहली मासिक परीक्षा में साबू कक्षा में प्रथम आया। दूसरे नंबर पर आदू था। उस के साबू से केवल 25 अंक कम थे। अब तो साबू अपने सभी दोस्तों को अपने से छोटा समझने लगा। उसे घमंड हो गया।

आदू भी साबू से कुछ कुछ दबने लगा किंतु इस परीक्षा के बाद उस ने पहले से ज्यादा मेहनत करनी शुरू कर दी। खेल की जगह उस ने पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना शुरू कर दिया।

अगली मासिक परीक्षा में पहले नंबर पर तो साबू ही रहा पर इस बार आदू के उस से केवल 15 अंक ही कम थे।

एक दिन हंसी हंसी में कक्षा के कुछ छात्र रोमू से कहने लगे, 'रोमू, तुम भी काफी समझदार हो, यदि तुम मेहनत करो तो परीक्षा में साबू और आदू दोनों से ज्यादा अंक प्राप्त कर सकते हो।

उस समय तो रोमू उनकी बात सुन कर हंस पड़ा था पर उस दिन से रोमू ने भी मन लगा कर पढ़ना लिखना शुरू कर दिया। घर आ कर भी रोमू बड़ी मेहनत करने लगा। खेलने के लिए रोमू ने केवल शाम को 5 से 6 बजे तक का समय ही तय किया। रात को रोमू 10 बजे तक पढ़ता और सुबह पढ़ने के लिए ठीक 4 बजे उठ जाता था।



रोमू को इतनी मेहनत करते देख कर उस के पापा को बड़ी खुशी हुई। एक दिन व ह रोमू से बोले, 'रोमू, क्या कक्षा में प्रथम आने की तैयारी कर रहे हो?

रोमू ने कहा, 'पापा, प्रथम तो मैं क्या आ सकता हूं। हमारी कक्षा में साबू और आदू, दो ऐसे लड़के हैं जिन से आगे निकलना मुश्किल है। फिर भी मेहनत से पढ़ना तो हर छात्र का कर्त्तव्य है।

रोमू की बात सुन कर पापा पहले तो मुस्कुराए, फिर कहने लगे 'देखो, पढ़ाई में सफलता पाने के दो गुर तो मैं तुम्हें बता सकता हूं। पहला गुर यह है कि कक्षा में टीचर जो पढ़ाते हैं, उस पर पूरा ध्यान दो। दूसरा गुर यह है कि अपनी लिखाई सुधार लो। सुंदर और शुद्ध लिखाई से प्रश्नपत्र जांच करने वाले पर एकदम अच्छा असर पड़ता है।

रोमू ने पापा की बात पर अमल करना शुरू कर दिया। कक्षा में रोमू ध्यान से पढ़ने लगा। इस से उसे बहुत फायदा हुआ। उसे पाठ कक्षा में ही याद होने लगे। घर पर आ कर रटने की जरूरत बहुत कम रह गई। अब लिखने के लिए रोमू को खूब समय मिलने लगा। लिखने से हर पाठ के एकएक शब्द से परिचित होने लगा।

इस मेहनत का फल तीसरे ही मास दिखाई देने लगा। रोमू का कक्षा में चौथा स्थान रहा। हैरानी यह थी कि इस बार आदू प्रथम आया था और साबू द्वितीय। साबू ने केवल 5 अंक कम पाए थे।

आदू और साबू के इस मुकाबले में अब कक्षा शिक्षक भी रूचि लेने लगे थे।

देखते देखते ही कई महीने बीत गए और वार्षिक परीक्षा को 2 महीने ही रह गए। इस बीच की परीक्षाओं में कभी आदू 2-3 अंक ज्यादा लेता रहा तो कभी साबू 5-6 अंक ज्यादा पाता रहा।

एक दिन कक्षा में साबू और आदू की खूब चर्चा हुई। एक छात्र प्रवेश कहने लगा, 'मैं दावे से कहता हूं कि इस बार वार्षिक परीक्षा में साबू ही प्रथम आए।

इस पर कई छात्र जो आदू के दोस्त थे, कहने लगे, 'नहीं आदू साबू को मात दे देगा।

इस तरह सब अपनी अपनी बात दावे सहित कहने लगे।

सभी छात्रा खूब मेहनत करने लगे। धीरे-धीरे वार्षिक परीक्षा भी खत्म हो गई।

परीक्षा परिणाम निकलने से 2 दिन पहले कक्षा के 10-15 छात्र मिल कर झील पर नाव चलाने के लिए गए। इन में साबू, आदू और रोमू भी शामिल थे। नाव में सैर कर के हंसते खेलते जब वे लौट रहे तो रास्ते में उन के कक्षा शिक्षक मिल गए।

रोमू पर नजर पड़ते ही लपक कर कक्षा शिक्षक ने रोमू का हाथ पकड़ लिया और बोले, 'रोमू, वाह, तुम ने तो कमाल ही कर दिया। इस बार तुम प्रथम आए हो।

हैं, कह कर सारे छात्र शिक्षक को घेर कर खड़े हो गए थे। बाद में रोमू को बधाई देने वालों में से आदू और साबू सब से आगे थे। (उर्वशी)

# विश्वासघात का फल

श्यामू सियार नदी के किनारे-किनारे टहल रहा था। उसे बड़े जोर की भूख लग रही थी। वह खाने की तलाश में जुटा हुआ था। घूमते हुए उसे दातादीन के खरबूजों की क्यारियां दिखाई दे गईं। कितने बड़े क्षेत्र में बेलें फैलीं हुई थीं। पीले-हरे, मोटे, गोल, मीठे खरबूजे चारों तरफ लगे हुए थे।



उनकी मीठी, सौंधी सुगंध श्यामू के नथनों में पहुंची तो उसके मुंह में पानी भर गया। उसने खरबूजे खाने का फैसला कर लिया पर उसके सामने एक भयंकर समस्या थी कि खरबूजों के खेत तक कैसे पहुंचे? बीच में नदी थी। इस पार वह और उस पार खरबूजे। बीच में गहरी नदी और उसे तैरना आता नहीं था।

श्यामू एक पेड़ के नीचे बैठ गया। वह नदी पार करने की तरकीब सोचने लगा। कुछ ही देर में उसने एक योजना बना ली। वह उठा और दौड़ता हुआ अपने मित्र लंबू ऊंट के पास पहुंचा और बोला, 'लंबू भाई, चलो मेरे साथ। आज मैं तुम्हें खूब मीठे मीठे रसीले खरबूजों की दावत दूंगा।

क्या कोई खास बात है, मित्र? ऊंट ने कहा। श्यामू बोला,'अरे, यार मित्र के साथ खाने में जो मजा आता है, वह अकेले में कहां? लंबूजी प्रसन्न हो गए। दोनों मित्र नदी के किनारे पहुंचे। लंबू ने श्यामू को पीठ पर बैठाया और लंबे-लंबे डग भरकर नदी पार कर ली। वास्तव में श्यामू ने लंबू की पीठ पर सवार होकर नदी पार करने के लिए ही लंबू को खरबूजे खाने का निमंत्रण दिया था।

उस पार पहुंचते ही श्यामू लंबू की पीठ से कूदा और खरबूजों के खेत में घुस गया। फिर वह झटपट खरबूजे खाने लगा। लंबू ने अपनी गीली टांगों को फटकारा और फिर आराम से खरबूजे खाने में जुट गया। श्यामू का पेट बहुत छोटा था। जहां दो-चार खरबूजे अंदर गए, वह भर गया। श्यामू ने डकार ली। पांव से मुँह को पोंछा। फिर वह लंबू के पास आकर बोला, 'चलो, लंबू यार।'लंबू ने कहा,'अभी तो मैंने खाना शुरू किया है। इतनी जल्दी क्या है?'श्यामू बोला,'मेरा पेट तो भर गया है। 'लंबू ने कहा,' पर मेरा तो अभी खाली हैं।'

'यार, पेट भर खाना खाकर मेरा मन गाना गाने को कर रहा है,' कहकर श्यामू ने अपना मुँह ऊपर उठा लिया। जैसे ही वह गाना गाने को हुआ, लंबू घबराकर बोला, 'ऐसा गजब मत करना, श्यामू। अगर तुमने गाना गाया तो दातादीन आ जाएगा और हम दोनों की डंडे से वह खातिर करेगा कि नानी याद आ जाएगी।

यार, लंबू, मैं क्या करूं? मैं तो आदत से लाचार हूं', कहकर श्यामू ने हुआ..........हुआ........हुआ' का बेसुरा राग छेड़ दिया। दातादीन ने सियार की आवाज सुनी तो उसकी नींद खुल गई। वह अपनी झोंपड़ी से बाहर आया। उसने अपना डंडा उठाया और चारों तरफ देखा।

श्यामू सियार तो खिसककर नदी किनारे पहुँच गया था। उसे सियार तो नहीं, हां, लंबू ऊंट दिखाई दे गया। दातादीन डंडा लेकर लंबू की ओर तेजी से झपटा। लंबू ने भागने की बहुत कोशिश की लेकिन दातादीन के दो-तीन डंडे उसकी पीठ पर पड़ ही गए। उसकी पीठ में दर्द हो रहा था। वह कराहता हुआ नदी से किनारे पहुंचा तो देखा सियार मजे में रेत में लेटा हुआ है। एक तो पेट नहीं भरा, ऊपर से पीठ पर मार।

लंबू को श्यामू की धूर्तता तथा स्वार्थ पर क्रोध आ रहा था। उसकी समझ में आ चुका था कि श्यामू असली मित्र नहीं है। उसने श्यामू को सबक सिखाने का फैसला कर लिया। लंबू नीचे बैठ गया। श्यामू उसकी पीठ पर सवार हो गया। लंबू नदी पार करने लगा। बीच धार में पहुंचकर वह बोला,' श्यामू खरबूजे खाकर मुझे नदी में नहाना बड़ा अच्छा लगता है।' यह कहकर वह थोड़ा झुका तो श्यामू की जान निकल गई। वह घबराकर बोला, ' मित्र, ऐसा गजब मत करना वरना मैं तो डूब जाऊंगा।

' मित्र, श्यामू, मैं क्या करूं? मैं तो अपनी आदत से लाचार हूं', यह कहकर लंबू ने एक गोता लिया तो श्यामू पानी में डुबकियां लेने लगा।

'बचाओ....बचाओ....मैं डूब रहा हूं', श्यामू की चीख-पुकार सुनकर लंबू हंसा और बोला, 'क्या बात है?' श्यामू ने कहा, 'तुम्हारी आदत से मेरी जान को खतरा हो गया है।'लंबू बोला,'श्यामू, तुमने उस समय यह नहीं सोचा था कि तुम्हारे गाने की आदत के कारण साथी की जान खतरे में पड़ सकती है।' श्यामू गिड़गिड़ाया, 'मुझ से गलती हो गई, मित्र । अब मैं ऐसा कभी नहीं करूंगा।'

लंबू सीधा तनकर खड़ा हो गया। श्यामू पानी से ऊपर आ गया तो उसकी जान में जान आई। लंबू बोला, 'मैं तुम्हें डुबाना नहीं चाहता था। मैं तो तुम्हें धमका कर तुम से यह वादा कराना चाहता था कि मित्रों के साथ कभी विश्वासघात नहीं करना चाहिए।

'मैं समझ गया, मित्र । अब ऐसी गलती कभी नहीं करूंगा,' सियार ने उत्तर दिया। (उर्वशी)

# गंदा राजा और शैतान खरगोश

ए.पी. भारती

बहुत पुरानी बात है। मॉरिशस में एक राजा रहता था। दुनिया के तमाम आलसी राजाओं की तरह वह राजा भी आलसी था और नहाता नहीं था। न नहाने के कारण उसके शरीर पर मैल की मोटी परत जम गयी। एक बार उसका शरीर खुजलाने लगा। इससे शरीर पर दाने निकल आए। राजा खुजली, दर्द और दुर्गंध से परेशान हो उठा। तब राजवैद्य को बुलाया गया। राजवैद्य ने जांचकर बताया, 'आपको नगर से बाहर किसी स्वच्छ पानी के तालाब में स्नान करना चाहिए।'

नगर से बाहर एक अच्छा सा तालाब खोजा गया। राजा को तालाब दिखाया गया। राजा ने तालाब देखने के बाद उसमें नहाने की सहमति व्यक्त की। तय हुआ कि कल प्रातःकाल राजा तालाब में स्नान करेंगे। दूसरे दिन राजा अपने सहायकों व सेवकों के साथ नहाने को तालाब पहुंचे तो उन्हें यह देखकर बड़ी निराशा हुई कि तालाब का पानी गंदा था। इसका मतलब है कोई जानवर उसमें नहाकर गया है क्योंकि कल शाम तक तो तालाब का पानी एकदम साफ था।

तय हुआ कि कल सुबह स्नान किया जाएगा। कोई तालाब के पानी को गंदा न करे, इसके लिए तीर-धनुषधारी एक पहरेदार की तालाब पर नियुक्ति कर दी गई। रात भर पहरेदार तालाब के चारों ओर घूम-घूमकर पहरा देता रहा पर रात भर कोई जानवर या मनुष्य नहाने को तो क्या, पानी पीने तक को नहीं आया।

प्रातः होने वाली थी। थकाहारा पहरेदार एक जगह बैठा ऊंघ रहा था। तभी एक बड़ा-सा खरगोश उसके पास आया। उसने नमस्ते की। फिर उसने कहा, 'आप काफी थक गये होंगे। मेरे पास ऊंची पहाड़ियों से लाया गया बड़ा शानदार शहद है। इसके गुण और स्वाद तो दुनिया के सभी शहदों से श्रेष्ठ हैं। अगर आप खाना पसंद करें तो मैं थोड़ा-सा आपको दे सकता हूं। खाते ही आपके शरीर में शक्ति-फुर्ती का संचार होगा।'



शहद की बात सुनकर पहरेदार के मुंह में पानी आ गया। उसने खरगोश से शहद लिया और चाट गया। कुछ ही देर में उसे गहरी नींद आ गयी। खरगोश बड़ा चालाक और शैतान था। वह नित्य तालाब में मस्ती से स्नान करता था। वह नहीं चाहता था कि राजा तालाब को गंदा करे। उसने पहरेदार को नशीला रस शहद में मिलाकर दिया था ताकि पहरेदार बेसुध हो जाए। इसके बाद खरगोश ने तालाब में जी भर स्नान किया। और दिन से ज्यादा उछल कूद मचाई कि पानी अधिक गंदा दिखे।

जब राजा स्नान करने पहुंचा तो पानी गंदा दिखा और पहरेदार सोता हुआ। उसे जगाकर डांट-फटकार लगाई तो पहरेदार ने अपने साथ घटी घटना का ब्यौरा कह सुनाया। राजा ने अपने कर्मचारियों को आदेश दिया कि उस शैतान खरगोश को पकड़ कर लाया जाए। आसपास के क्षेत्र और जंगल सैनिकों ने छान मारे मगर खरगोश कहीं न मिला।

खरगोश कैसे पकड़ा जाए, इस के लिए सब लोग राजा के समक्ष बैठे विचार विमर्श कर रहे थे। न तो बैठक में कोई ठीक-सा सुझाव आया, न किसी ने खरगोश को पकड़ने की जिम्मेदारी ली। राजा बड़ा खिन्न था। तभी वहां एक कछुआ आया। कछुए ने राजा से कहा, 'महाराज, अगर आप मुझे आज्ञा दें तो मैं खरगोश को पकड़वा सकता हूं।

सभी हैरत से कछुए को देखने लगे। राजा आश्चर्य से बोला, 'तू....! तू खरगोश को पकड़वाएगा।'

कछुआ बोला, 'हां महाराज, अगर आप चाहते हैं कि खरगोश पकड़ा जाए तो आप पहरा हटा लें। पहरेदार की कुर्सी यहीं रहने दें। आज पहरा मैं दूंगा।'

राजा बोला, 'ठीक है, भई, तुझे भी आजमा लेते हैं।' यह कहने के बाद राजा ने बैठक समाप्त कर दी। सभी अपने घर चले गये।

रात को कछुए ने मजबूती से चिपकाने वाला गोंद कुर्सी के ऊपर और नीचे पायों पर लगा दिया। फिर वह कुर्सी के पायों के नीचे घुसा। कुर्सी के पाए उसकी पीठ पर मजबूती से चिपक गये। कछुआ फिर चैन की नींद सो गया।

सुबह होने से पहले ही खरगोश आया। इधर-उधर दूर तक उसने देखा। चौकीदार कहीं नजर न आया। खाली कुर्सी देखकर वह और खुश हुआ। वह उछलकर कुर्सी पर चढ़ बैठा। वह ठीक से चिपक गया पर इस बात का उसे पता न चला। उसके कुर्सी पर बैठने से कछुए की नींद खुल गयी। उसने कुर्सी की ओर देखा। खरगोश को बैठा पाकर वह चल दिया। अब कुर्सी साथ जा रही थी।

खरगोश कुर्सी के चलने से घबरा उठा। उसने उतरना चाहा तो हाथ-पैर कुर्सी से अलग न हुए। उसने नीचे की ओर झुककर देखा। कछुए ने कहा, 'आराम से बैठे रहो। तुम्हें मैं राजा के पास ले जा रहा हूं।' खरगोश ने बहुतेरा जोर लगाया लेकिन कुर्सी से खुद को छुड़ा न पाया। उसने कछुए को डराया, धमकाया और ललचाया भी पर कछुआ उसे छोड़ने को तैयार न हुआ। उसने अपने चलने की गति तेज कर दी।

जब कछुआ राजा के पास पहुंचा तो वे तालाब पर जाने के लिए चलने वाले थे। राजा और सभी कर्मचारी कछुए, खरगोश और कुर्सी को देखकर दंग रह गये। राजा ने खरगोश को मारकर पकाने का आदेश दिया लेकिन कछुए की अनुनय-विनय पर उसे चेतावनी देकर रिहा कर दिया गया।

कछुए व खरगोश की बातें सुनकर राजा ने कछुए को इनाम दिया। फिर रोजाना नहाने का संकल्प लिया। (उर्वशी)

# सरकार सिक्किम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

- बागडोगरा से एक्सप्रेसवे और गंगटोक रिंग रोड निर्माण की घोषणा
- नाथुला एक्सप्रेसवे, रोपवे और स्काईवे परियोजनाएं भी विचाराधीन
- पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को बताया देश की 'अष्टलक्ष्मी'




**गंगटोक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार न केवल अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति के प्रति प्रतिबद्ध है, बल्कि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के लिए 'एक्ट फास्ट' (तेजी से कार्रवाई) के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। मोदी ने पूर्वोत्तर के इन आठ राज्यों को भारत की 'अष्टलक्ष्मी' बताया - जो समृद्धि, धन और शुभता के बहुआयामी स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन सिक्किम की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का ध्यान कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर है, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। मोदी ने यहां पालजोर स्टेडियम में राज्य की स्थापना के 50 साल पूरे होने के समारोह के समापन कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए कहा, सरकार सिक्किम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से एक एक्सप्रेसवे का निर्माण और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के लिए गंगटोक में रिंग रोड का निर्माण शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में रोपवे और स्काईवे परियोजनाएं विचाराधीन हैं, जबकि अधिक पर्यटकों की आमद सुनिश्चित करने के लिए नाथुला में एक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाएगा। मोदी ने कहा, सिक्किम सहित पूर्वोत्तर भारत की 'अष्टलक्ष्मी' है। सरकार 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट' के लिए दृढ़ संकल्पित है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, अष्टलक्ष्मी धन की देवी लक्ष्मी के आठ विशेष रूप .. आदिलक्ष्मी, धनलक्ष्मी, धान्यलक्ष्मी, गजलक्ष्मी, सन्तानलक्ष्मी, वीरलक्ष्मी, विजयलक्ष्मी और विद्यालक्ष्मी हैं, जिनकी पूजा समृद्धि के लिए की जाती है। प्रधानमंत्री ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर भारत के राज्यों को देश की 'अष्टलक्ष्मी' बताया। राज्य की जैव विविधता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, सिक्किम में प्रकृति और संस्कृति जीवंत हो उठती हैं। राज्य की सड़कों की स्वच्छता और वायु की शुद्धता दर्शाती है कि यहां के लोग प्रकृति संरक्षण के सच्चे प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सिक्किम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र का आर्गेनिक खेती जैसी पहलों के जरिए भविष्य के विकास और सतत प्रगति का केंद्र बनना तय है। मोदी ने सिक्किम को एक बहुत शांत, आध्यात्मिक और स्वस्थ वातावरण वाला सुंदर स्थान बताया और पर्यटकों से बड़ी संख्या में यहां आने की अपील की।

### 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मंगलवार को 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। अधिकारियों ने बताया कि ये परियोजनाएं अवसंरचना, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली, शहरी विकास, पर्यावरण, पर्यटन और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य सिक्किम में समग्र और समावेशी विकास को गति देना है। प्रमुख परियोजनाओं में, मोदी ने नामची जिले के यांगंग में 100 बिस्तर वाले आयुर्वेद अस्पताल की आधारशिला रखी और एनआईटी देवराली में 30 बिस्तर वाले एकीकृत सोवा रिग्पा अस्पताल का उद्घाटन किया, जो हिमालयी राज्य में पारंपरिक और एकीकृत चिकित्सा प्रणालियों तक पहुंच को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री ने यांगंग में सिक्किम विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर, चाकुंग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस उत्कृष्टता विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक, गंगटोक के सोचेयगांग में हेलेन लेपचा मेडिकल कॉलेज और ग्यालशिंग जिले में डेंटम प्रोफेशनल कॉलेज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने ही ग्याथांग में एक आदर्श आवासीय विद्यालय, मंगन जिले के मंगशिला में एक महाविद्यालय और नामची के बूमटार गुम्पा में एक मठवासी छात्रावास-सह-कक्षा का भी अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने सिक्किम के 160 विद्यालयों में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शैक्षिक अवसंरचना परियोजनाओं की भी शुरुआत की। सिक्किम में संपर्क को बेहतर बनाने के लिए मोदी ने नामची और गंगटोक जिलों को जोड़ने वाले सिरवानी और लोअर समदोंग में तीस्ता नदी पर 'डबल-लेन स्टील आर्क' पुलों की आधारशिला रखी।

## राजीव गांधी हत्या मामले के दोषी ने वकील के रूप में पंजीकरण कराया

**चेन्नई :** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों में से एक ए जी पेरारिवलन ने अपना नाम तमिलनाडु और पुडुचेरी बार एसोसिएशन में एक वकील के रूप में पंजीकृत कराया है। पेरारिवलन को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी लेकिन उसे 2022 में रिहा कर दिया गया था। पेरारिवलन (54) का वकील के तौर पर पंजीकरण 27 अप्रैल को हुआ। वह मद्रास उच्च न्यायालय में वकील के तौर पर काम करेगा और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## 'ब्रेन डेड' घोषित करने का मामला : न्यायालय ने एम्स को समिति गठित करने को कहा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को संकेत दिया कि वह मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित करने की प्रक्रिया को लेकर एक याचिकाकर्ता के सुझावों की पड़ताल के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से एक समिति गठित करने के लिए कह सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ केरल उच्च न्यायालय के जून 2017 के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय का रुख करते हुए मरीज को 'ब्रेन डेड' घोषित करने में कथित अनियमितताओं को उजागर किया था। याचिकाकर्ता ने मंगलवार की सुनवाई के दौरान मरीज को 'ब्रेन डेड' प्रमाणित करने की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया।

## ईडी ने रहेजा डवलपर्स की 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को बताया कि उसने घर खरीदने वालों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में, रियल-एस्टेट कंपनी रहेजा डवलपर्स के प्रवर्तकों और उससे जुड़ी इकाइयों की 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति कुर्क कर ली है। इस केंद्रीय एजेंसी ने 25 अप्रैल को इस मामले के सिलसिले में तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें 15.82 करोड़ रुपये का सोना-चांदी और 15 लाख रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा जब्त की गई थी। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया है, जिसके तहत एन ए बिल्डवेल और रियासत पैलेसिस की अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ये दोनों संस्थाएं रहेजा डवलपर्स से जुड़ी हुई हैं। एजेंसी ने बताया कि रहेजा डवलपर्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नवीन एम रहेजा और उनके परिवार के सदस्यों की अचल संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं, और इन संपत्तियों का मौजूदा अनुमानित बाजार मूल्य 1,113.81 करोड़ रुपये है।

## सुरक्षा गार्ड पर हमला: आरोपी के घर से इस्लामिक स्टेट के उल्लेख वाली पर्ची मिली

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो सुरक्षा गार्ड से धर्म पूछने के बाद उन पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के घर से जांचकर्ताओं को ''अकेले ही हमला करने'' और इस्लामिक स्टेट का उल्लेख वाला एक नोट मिला है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 31 वर्षीय आरोपी कई वर्षों से अमेरिका में रह रहा था, और प्रतीत होता है कि वह स्वयं ही कट्टरपंथी बना।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम में लड़कों और लड़कियों के साथ फुटबॉल खेला

**गंगटोक :** सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार सुबह यहां कुछ लड़कों एवं लड़कियों के साथ फुटबॉल खेला और इसे ''ऊर्जा देने वाला'' सत्र बताया। मोदी ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कीं जिनमें वह लड़के-लड़कियों के साथ फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, ''गंगटोक की सुहावनी सुबह में सिक्किम के अपने युवा मित्रों के साथ फुटबॉल खेलने का अलग की आनंद है। इन युवाओं के साथ यह फुटबॉल सत्र सचमुच ऊर्जा देने वाला रहा।'' मोदी ने खिलाड़ियों के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई जिसकी पृष्ठभूमि में लोक भवन की इमारत दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री सिक्किम को राज्य



का दर्जा मिलने के 50 वर्ष पूरे होने के समापन समारोह में शामिल होंगे और 4,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे।

## श्रीनगर में मादक पदार्थ के संदिग्ध तस्कर का घर कुर्क किया गया

**श्रीनगर :** श्रीनगर के सैदा कदल इलाके में पुलिस ने मादक पदार्थ के कथित तस्कर से संबंधित 1.5 करोड़ रुपये मूल्य के घर को मंगलवार को कुर्क कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। श्रीनगर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''जम्मू कश्मीर में नशा मुक्त अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपनी गहन कार्रवाई को जारी रखते हुए श्रीनगर पुलिस ने इसके एक कुख्यात तस्कर से संबंधित लगभग 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है।'' रैनावारी थाने ने स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए श्रीनगर के सैदा कदल में आरोपी बिलाल अहमद पाटू के घर और 11 मरला (एक मरला भूमि 272.25 वर्ग फुट की होती है) जमीन कुर्क कर ली।

## गुजरात में भाजपा ने 15 नगर निगमों में जीत हासिल की



**अहमदाबाद :** गुजरात की सभी 15 नगर निगम सीटों पर 26 अप्रैल को हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत हासिल की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पार्टी ने मोरबी और पोरबंदर नगर निगमों में सभी 52-52 सीटें अपने नाम कीं। राज्य के 17 नगर निगमों में से 15 में चुनाव हुए। शेष दो निगमों का कार्यकाल अभी समाप्त होना बाकी है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, भाजपा ने अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट, जामनगर, भावनगर, गांधीधाम, सुरेंद्रनगर, मेहसाणा, आणंद, नडियाड, नवसारी और वापी के नगर निगमों में भी जीत हासिल की। अहमदाबाद में भाजपा ने कुल 192 में से 160 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को 32 सीटें मिलीं। पिछली बार सात सीटें जीतने वाली एआईएमआईएम इस बार खाता खोलने में भी नाकाम रही। सूरत नगर निगम में भाजपा ने 120 में से 115 सीटें हासिल कीं, जबकि कांग्रेस को केवल एक सीट मिली। पिछली बार 27 सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी इस बार चार सीटों तक सिमट गई। राजकोट नगर निगम में भाजपा ने 72 में से 65 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस को सात सीटें मिलीं। वडोदरा नगर निगम में भाजपा ने 76 में से 69 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस को छह और एक सीट अन्य उम्मीदवार के खाते में गई। भाजपा ने जामनगर और भावनगर नगर निगमों में भी बड़े अंतर से जीत हासिल की। सुरेंद्रनगर और नडियाद नगर निगमों में भाजपा को केवल एक-एक सीट का नुकसान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी, वापी, आणंद, नडियाद, मेहसाणा, पोरबंदर और सुरेंद्रनगर जैसे नवगठित नगर निगमों में पहली बार हुए चुनाव में भी भाजपा ने जीत दर्ज की। मतगणना मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। रविवार को 15 नगर निगमों, 84 नगरपालिकाओं, 34 जिला पंचायतों और 260 तालुका पंचायतों के लिए मतदान हुआ था। यह चुनाव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के संशोधित नियमों के तहत आयोजित किए गए, जिसके कारण कई जिलों में व्यापक परिसीमन और वार्ड पुनर्गठन किया गया था।

### गुजरात और भाजपा का रिश्ता और मजबूत हुआ: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात की जनता ने स्थानीय निकाय चुनावों में सुशासन की राजनीति और राज्य सरकार के शानदार कार्यों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पार्टी आने वाले समय में और अधिक मेहनत से काम करेगी और गुजरात को विकास की नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## ओडिशा में बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंचा शख्स



**भुवनेश्वर:** ओडिशा के क्योंझर में सोमवार को हैरान करने वाला मामला सामने आया। आदिवासी जीतू मुंडा अपनी मरी हुई बहन का कंकाल लेकर बैंक पहुंच गया। कंकाल देख बैंक में अफरा-तफरी मच गई। दरअसल, जीतू अपनी बहन कलारा मुंडा के खाते से 20 हजार रुपए निकालना चाहता था, इसके लिए वह कई बार बैंक भी गया। लेकिन कर्मचारियों ने खाता धारक को लाने को कहा। जीतू बैंक में पहले ही कलारा की मौत की जानकारी दे चुका था। फिर भी उसे कोई मदद नहीं मिली, इससे परेशान होकर उसने कब्र से कंकाल निकालकर बैंक में पेश किया। बहन का कंकाल कंधे पर लेकर जीतू करीब 3 किमी पैदल चला। फिर मल्लिपसी में बने ओडिशा ग्रामीण बैंक ब्रांच के बरामदे में कंकाल को रख दिया। पुलिस के अनुसार, जीतू अनपढ़ है और कानूनी प्रक्रिया से अनजान था। प्रशासन ने उसे नियम समझाए और जल्द पैसे दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद शव को दोबारा कब्रिस्तान में दफना दिया गया। थाने के प्रभारी निरीक्षक किरण प्रसाद साहू ने कहा, जीतू को नहीं पता कि कानूनी वारिस या नॉमिनी क्या होता है। बैंक अधिकारी भी उसे मृतक के खाते से पैसे निकालने की प्रक्रिया नहीं समझा पाए।

## भारत को एस-400 मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई अगले महीने की शुरुआत में प्राप्त होने की उम्मीद



**नयी दिल्ली :** भारत को सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई रूस से अगले महीने के पहले हिस्से में प्राप्त होने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना के वायु रक्षा तंत्र को और मजबूती मिलेगी। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर 2018 में, भारत ने पांच मिसाइल प्रणालियां खरीदने के लिए रूस के साथ 5 अरब अमेरिकी डॉलर का एक समझौता किया था और इनमें से तीन की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है। सूत्रों ने बताया कि मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए संशोधित समय-सीमा के अनुसार, पांचवीं इकाई नवंबर तक सुपुर्द कर दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल प्रणालियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। पिछले महीने, नयी दिल्ली ने रूस से पांच एस-400 मिसाइल प्रणालियों की एक नयी खेप की खरीद को मंजूरी दी थी, जिससे इसकी कुल संख्या 10 हो जाएगी। पता चला है कि मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई पहले ही रवाना की जा चुकी है और अगले कुछ दिनों में इसके भारत पहुंचने की उम्मीद है।

### जामिया में आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम के खिलाफ प्रदर्शन

**नयी दिल्ली :** जामिया मिलिया इस्लामिया में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक कार्यक्रम के खिलाफ मंगलवार को हुआ विरोध प्रदर्शन एसएफआई से संबद्ध छात्रों और विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड के बीच झड़प होने से हिंसक हो गया।

## हनीमून हत्याकांड: मुख्य आरोपी को जमानत मिलने पर मृतक के परिवार को झटका

### सीबीआई जांच की मांग



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने के बाद मृतक के परिजनों ने मंगलवार को राज्य पुलिस की कार्यप्रणाली पर अचरज व असंतोष जताया और मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। मेघालय की एक स्थानीय अदालत में सोनम की जमानत अर्जी मंजूर होने की खबर मिलते ही इंदौर में राजा रघुवंशी के परिवार को करारा झटका लगा। राजा की भावुक मां उमा ने संवाददाताओं से कहा कि सोनम उनके बेटे के हत्याकांड की कथित तौर पर मुख्य साजिशकर्ता है और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि आखिर उसे जमानत कैसे मिल गई। उन्होंने कहा कि मेघालय पुलिस ने पिछले नौ महीने में इस मामले की अच्छी तरह जांच की, 'लेकिन यह उनकी समझ से परे है कि महीने-दो महीने में खेल अचानक कैसे बदल गया?' राजा की मां ने कहा, ''हम सरकार से एक ही मांग करते हैं कि हत्याकांड के शिकार मेरे बेकसूर बेटे को इंसाफ मिले। मुझे इस मामले में सीबीआई जांच चाहिए।'' राजा के बड़े भाई विपिन ने कहा कि उनका परिवार सोनम को जमानत देने के निचली अदालत के फैसले को मेघालय उच्च न्यायालय में चुनौती देगा। उन्होंने कहा, ''सोनम की जमानत अर्जी के पक्ष में अदालत में पैरवी करते वक्त उसके वकील ने इस बात को मुख्य आधार बनाया कि मेघालय पुलिस ने उसके मुवक्किल को गिरफ्तार करते वक्त उसे गिरफ्तारी के विशिष्ट कारण की सूचना उचित तरीके से नहीं दी थी जिससे कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हुआ।'' विपिन ने जांच में 'हेर-फेर' का संदेह जताते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने उन्हें अब तक न तो आरोप-पत्र की प्रति प्रदान की है, न ही उन्हें से ठीक से देखने का मौका मिला है।

## धार्मिक गतिविधि के नाम पर रास्ता बंद नहीं कर सकते, सरकार दे सकती है दखल: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि धार्मिक गतिविधियों के नाम पर सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता है। इसने यह भी कहा कि किसी भी धार्मिक समुदाय को पूजा-पाठ करने के तरीके में स्वायत्तता है और अदालत उसके धार्मिक मामलों में फैसला नहीं सुना सकती है, लेकिन अगर किसी धर्मनिरपेक्ष गतिविधि पर असर पड़ रहा है, तो सरकार अपने अधिकारों से हस्तक्षेप कर सकती है। नौ-सदस्यीय संविधान पीठ ने यह टिप्पणी केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की। संविधान पीठ में भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के नौवें दिन, शीर्ष अदालत में हिंदू धर्म आचार्य सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता अक्षय नागराजन ने कहा कि सरकार अनुच्छेद 25(2)(ए) के तहत आधारों का हवाला देकर किसी धार्मिक संप्रदाय के अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। नागराजन ने कहा कि अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण केवल धार्मिक विश्वास के मामलों तक ही सीमित नहीं है और यह आस्था की बाहरी अभिव्यक्तियों तक भी समान रूप से विस्तारित है, जिसमें किसी विशेष देवता की पूजा से जुड़े अनुष्ठान, पालन, समारोह और प्रथाएं शामिल हैं। इन दलीलों के आधार पर न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी की कि यदि कोई धर्मनिरपेक्ष गतिविधि धार्मिक गतिविधियों से प्रभावित होती है तो राज्य हस्तक्षेप कर सकता है।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने तिरुमला मंदिर में दर्शन पूजन किया



**तिरुपति (आंध्र प्रदेश) :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने मंगलवार को तिरुमला स्थित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने वैदिक पुजारियों के साथ मंदिर में प्रवेश करके ध्वजस्तंभ पर प्रार्थना की। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, ''राधाकृष्णन ने आज तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की।'' दर्शन के बाद, पुरोहितों ने रंगनायकुला मंडपम में वेद आशीर्वादम का पाठ किया और उपराष्ट्रपति को तीर्थ प्रसाद देकर सम्मानित किया, साथ ही भगवान का एक चित्र भी भेंट किया। उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित वकुलमाता, विमान वेंकटेश्वर स्वामी, भाष्यकारलु सन्निधि और योग नरसिम्हा स्वामी मंदिरों के भी दर्शन किए। राधाकृष्णन ने बाद में मुख्य मंदिर के सामने स्थित श्री बेदी अंजनेय स्वामी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बिश्केक में चीन, रूस के समकक्षों से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बिश्केक में अपने चीनी समकक्ष एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बनाए रखने तथा व्यापक क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं के संबंध में चर्चा की। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के इतर यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब भारत और चीन अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने की दिशा में प्रयासरत हैं। सिंह ने सोशल मीडिया पर कहा, ''बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से बातचीत कर खुशी हुई।'' इस बारे में अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है कि सिंह और डोंग के बीच किन मुद्दों पर चर्चा हुई। पता



चला है कि सिंह और डोंग ने एलएसी पर समग्र स्थिति के संबंध में चर्चा की, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी जोर दिया गया। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि वार्ता में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा हुई या नहीं। यह बैठक भारत और चीन के संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच हुई है। पिछले कुछ महीनों में, दोनों पक्षों ने अपने संबंधों को फिर से सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था। राजनयिक और सैन्य स्तर पर कई दौर की वार्ताओं के बाद, दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ गतिरोध वाले कई बिंदुओं से अपने-अपने सैनिकों को वापस बुला लिया। रक्षा मंत्री ने रूस के अपने समकक्ष आंद्रेई बेल-ेसोव से भी मुलाकात की। सिंह ने कहा, ''बिश्केक में एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव के साथ बातचीत अच्छी रही।'' पता चला है कि सिंह और बेलोसोव ने रूस द्वारा भारत को एस-400 वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति सहित विभिन्न रक्षा खरीद परियोजनाओं पर चर्चा की। अक्टूबर 2018 में भारत ने रूस के साथ पांच अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता किया था, जिसके तहत पांच मिसाइल प्रणाली इकाइयों की खरीद की जानी थी, और इनमें से तीन इकाइयां पहले ही भारत को सौंप दी गई हैं। चौथी इकाई के अगले कुछ दिनों में मिलने की उम्मीद है, जबकि पांचवीं इकाई नवंबर में भेजे जाने की संभावना है।

## भारत के विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग समावेशी विकास पर आधारित हो: सीतारमण

**उडुपी (कर्नाटक) :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग समावेशी विकास, मजबूत संस्थानों और व्यापक कौशल विकास पर आधारित होना चाहिए। वित्त मंत्री यहां करकला तालुक में निट्टे विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित निट्टे विनय हेगड़े स्मृति व्याख्यान के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। 'विकसित भारत- 2047 के लिए विजन' विषय पर बोलते हुए सीतारमण ने कहा कि भारत की विकास यात्रा केवल प्रमुख आर्थिक संकेतकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि अवसर छोटे कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों और पहली पीढ़ी के सीखने वालों तक



पहुंचे। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकास व्यापक और सहभागिता वाला होना चाहिए जहां समाज के प्रत्येक वर्ग का योगदान हो और आर्थिक प्रगति से उसे लाभ मिले। उन्होंने यह बात रेखांकित की कि भारत का जनसांख्यिकी लाभांश तभी आर्थिक मजबूती में तब्दील होगा जब शिक्षा और कौशल विकास में सतत निवेश होगा। उन्होंने कहा कि संस्थानों को उद्योग की उभरती जरूरतों और प्रौद्योगिकीय बदलावों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करना होगा जिससे युवा रोजगार के लायक और उद्यमी बनें। सीतारमण ने कहा, ''युवा आजीविकाओं का निर्माण कर सकें और अर्थव्यवस्था में सार्थक योगदान दे सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए पेशेवर प्रशिक्षण तक सुगम पहुंच और सतत कौशल विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने उभरते उद्योगों के साथ-साथ पारंपरिक क्षेत्रों की भूमिकाओं को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिल्प, छोटे उपक्रम और क्षेत्र विशेष के कौशलों की वैश्विक बाजारों में जबरदस्त संभावनाएं हैं और प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं बाजार से जुड़ाव के जरिए इन्हें मजबूत किया जाना आवश्यक है।

## यूएई ने ओपेक से अलग होने की घोषणा की, एक मई से प्रभावी होगा फैसला

**दुबई:** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने मंगलवार को घोषणा की कि वह एक मई से तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और इसके व्यापक समूह 'ओपेक प्लस' को छोड़ देगा। यह कदम पिछले काफी समय से चर्चा में था, क्योंकि यूएई उत्पादन प्रतिबंधों के कारण असहज महसूस कर रहा था और पड़ोसी देश सऊदी अरब के साथ उसके संबंधों में भी खटास आ रही थी। यूएई लंबे समय से ओपेक का सदस्य रहा है। पहले 1967 में अबू धाबी अमीरात के रूप में और बाद में 1971 में यूएई के एक स्वतंत्र देश बनने के बाद वह इसका हिस्सा बना था।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा योजना को बीसीएएस की मंजूरी

**नोएडा:** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से अपनी सुरक्षा योजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एयरपोर्ट ने मंगलवार को बयान में कहा कि वह उड़ान सेवाएं शुरू करने की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है। बयान के अनुसार, 'नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बीसीएएस से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिल गई है। यह हवाई अड्डा की परिचालन तैयारी की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। साथ ही यह पुष्टि करता है कि सुरक्षा ढांचा एवं प्रक्रियाएं, नियामकीय आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।' बयान में कहा गया,' इसके बाद हम विमानन कंपनियों और भागीदारों के साथ मिलकर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की तारीख तय करेंगे। हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि सभी प्रणालियां, प्रक्रियाएं एवं कर्मचारी सुरक्षित, कुशल और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हों।''

## श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों को लू से बचाने के लिए देशव्यापी परामर्श जारी किया

**नयी दिल्ली:** देश भर में जारी लू की स्थिति के बीच श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने श्रमिकों को सूरज के सीधे संपर्क से बचाने के लिए देशव्यापी परामर्श जारी किया है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को भेजे गए एक पत्र में मंत्रालय ने इसके लिए बहु-क्षेत्रीय और बहु-आयामी नजरिये की जरूरत पर जोर दिया है। इसमें विशेष रूप से बाहरी और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की सुरक्षा के लिए एक समन्वित योजना की बात कही गई है। बयान के अनुसार मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से देश भर में बढ़ते तापमान और लू की स्थिति के प्रतिकूल प्रभावों से श्रमिकों और मजदूरों को बचाने के लिए तत्काल उपाय करने का आग्रह किया है। इन उपायों में विभिन्न क्षेत्रों में कर्मचारियों के लिए काम के घंटों का पुनर्निर्धारण, पीने का पर्याप्त पानी सुनिश्चित करना और विश्राम क्षेत्रों तथा कार्यस्थलों को ठंडा रखने का प्रावधान शामिल है। राज्यों से कहा गया है कि गर्मी से संबंधित बीमारियों को रोकने के लिए वे नियोक्ताओं को आपातकालीन आइस पैक, नियमित स्वास्थ्य जांच और अन्य वस्तुओं की व्यवस्था करने का निर्देश दें।

## न्यूजीलैंड एफटीए की शुल्क रियायतों से सिंगल माल्ट व्हिस्की के निर्यात को मिलेगा बढ़ावा: सीआईएबीसी

**नयी दिल्ली:** न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत भारतीय शराब पर मिलने वाली शुल्क रियायतों से सिंगल माल्ट व्हिस्की के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और द्वीपीय देश में अन्य उत्पादों की कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता भी बेहतर होगी। उद्योग संगठन 'कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन अल्कोहलिक बेवरेज कंपनियां' (सीआईएबीसी) ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में निर्यात का आधार कम होने के कारण यह समझौता बाजार में प्रवेश और ब्रांड निर्माण में मदद करेगा खासकर व्हिस्की, रम और प्रीमियम भारतीय स्पिरिट जैसे खंडों में। संगठन के महानिदेशक अनंत एस. अय्यर ने कहा, 'एफटीए से न्यूजीलैंड में भारतीय 'अल्कोहलिक' (शराब) पेय के निर्यात को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने की उम्मीद है जिससे वहां भारतीय उत्पादों की कीमत प्रतिस्पर्धात्मकता बेहतर होगी।'' भारत से न्यूजीलैंड को स्पिरिट का निर्यात फिलहाल करीब 10 लाख अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष है। वर्तमान में कुछ प्रीमियम शराब विशेषकर भारतीय सिंगल माल्ट वहां निर्यात की जा रही हैं।

### डिजिटल इंडिया को नई ताकत / आंध्र में बड़ा निवेश

# गूगल का 15 अरब डॉलर का डेटा सेंटर विशाखा-पत्तनम को एआई केंद्र बनाएगा: केंद्रीय मंत्री वैष्णव

■ **शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ**




**तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश):** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखा-पत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्स्ट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है। इसमें विशाखापत्तनम में एक गीगावाट का 'हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर' शामिल होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक एआई शहर में परिवर्तित हो जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के दृष्टिकोण की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मजबूत नीतिगत समर्थन और नेतृत्व के दम पर भारत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के लिए एक प्रमुख विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभरने के लिए तैयार है। वैष्णव ने बताया कि आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए तारलुवाड़ा, अदाविवरम और रामबिल्ली क्षेत्रों में लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित की है। उन्होंने कहा, ''भारत की बढ़ती डिजिटल ताकत स्पष्ट है और 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम एक प्रमुख एआई केंद्र बनने जा रहा है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विशाखापत्तनम एक 'एआई सिटी' में तब्दील होगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की दूरदर्शिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा शिक्षा, स्वास्थ्य, वैमानिकी, लॉजिस्टिक और कृषि जैसे क्षेत्रों में बदलाव ला रही है और इस एआई केंद्र के जरिये कई प्रमुख सेवाएं उपलब्ध होंगी। रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे वैष्णव ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के बाद परियोजना में तेजी से प्रगति हुई है और उन्हें विश्वास है कि जल्द ही प्रधानमंत्री द्वारा इस डेटा सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा।

## वाणिज्य मंत्रालय ने 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं निर्यात के फैसले को अधिसूचित किया

**नयी दिल्ली:** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, 'गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है।' इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया, 'इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी।

## कच्चे तेल में उछाल से घरेलू शेयर बाजार सहमा, सेंसेक्स 417 अंक फिसला



**मुंबई:** कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27 प्रतिशत की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही।

## जीत अदाणी, राकेश भारती मित्तल ने कहा, विशाखापत्तनम देश का 'एआई प्रवेशद्वार' बनेगा




**विशाखापत्तनम:** उद्योगपति जीत अदाणी और राकेश भारती मित्तल ने भारत के एआई परिवेश को आकार देने में बुनियादी ढांचे, ऊर्जा एवं संपर्क के महत्व पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि विशाखापत्तनम एक प्रमुख 'डिजिटल प्रवेशद्वार' के रूप में उभरने जा रहा है। विशाखापत्तनम के पास 15 अरब डॉलर के गूगल एआई डेटा सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम के बाद अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि अदाणी समूह और एयरटेल भी इसके निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) प्रतिस्पर्धा अब केवल सॉफ्टवेयर से नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा खड़ा करने की क्षमता से तय हो रही है और भारत एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। अदाणी ने कहा, ''कुछ क्षण इतिहास की दिशा तय करते हैं और आज विशाखापत्तनम ऐसा ही एक क्षण देख रहा है जब यह भारत के एआई-आधारित डिजिटल भविष्य का आधार बन रहा है।'' यह परियोजना अदाणीकनेक्स और नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है जिसका उद्देश्य 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप गीगावाट स्तर का एआई परिवेश स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि भारत में वर्तमान में करीब 1.3 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता है और केवल विशाखा-पत्तनम में करीब एक गीगावाट (1000 मेगावाट) क्षमता विकसित करने की योजना है, जो बड़े बदलाव का संकेत है। जीत अदाणी ने कहा कि एआई परिवेश में ऊर्जा की भूमिका केंद्रीय है, क्योंकि बुद्धिमत्ता (इंटेलिजेंस) की लागत सीधे बिजली की लागत से जुड़ी होती है और सस्ती ऊर्जा से एआई का व्यापक उपयोग संभव होगा। उन्होंने कहा कि समुद्र के भीतर बिछाई जा रही केबल अवसंरचना से यह बंदरगाह शहर एक नए डिजिटल प्रवेशद्वार के रूप में उभरेगा जिससे विलंब में कम होगी और 'एआई वर्कलोड' को तेजी से संचालित करने में मदद मिलेगी। इस बीच, भारती एंटरप्राइजेज के वाइस चेयरमैन राकेश मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में आंध्र प्रदेश सरकार ने नीतिगत स्पष्टता और क्रियान्वयन क्षमता दिखाई है। उन्होंने कहा कि विशाखापत्तनम जो पहले समुद्री प्रवेश द्वार था...अब मजबूत फाइबर नेटवर्क और डिजिटल अवसंरचना के सहारे एआई (इंटेलिजेंस) युग का प्रवेश द्वार बनेगा। मित्तल ने कहा, 'इस क्षेत्र के लिए अवसर बेहद बड़े हैं और विशाखापत्तनम डिजिटल इंडिया तथा एआई-आधारित अवसंरचना का प्रमुख प्रवेश द्वार बनेगा।'

## देश की अधिकतम बिजली मांग सोमवार को दूसरी बार 256 गीगावाट के करीब पहुंची



**नयी दिल्ली:** देश में भीषण गर्मी के बीच सोमवार को अधिकतम बिजली मांग लगातार दूसरी बार रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई और 255.85 गीगावाट दर्ज की गई। एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे शीतलन उपकरणों के बढ़ते उपयोग ने मांग को बढ़ाया। उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत में तेज गर्मी के बीच बिजली की खपत में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई क्योंकि लोग गर्मी से राहत पाने के लिए शीतलन उपकरणों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार 27 अप्रैल 2026 को अधिकतम बिजली मांग 255.85 गीगावाट (करीब 256 गीगावाट) रही। इस महीने के दूसरे पखवाड़े में मांग तेजी से बढ़नी शुरू हुई और 24 अप्रैल (शुक्रवार) को यह 252.07 गीगावाट तक पहुंच गई। इसके बाद 25 अप्रैल (शनिवार) को यह 256.11 गीगावाट के स्तर को पार कर गई। हालांकि, 26 अप्रैल (रविवार) को अधिकतर वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान बंद रहने से मांग घटकर 238.15 गीगावाट रह गई। देश के कुछ हिस्सों में धूल भरी आंधी और छिटपुट बारिश के कारण भी बिजली खपत पर कुछ हद तक नियंत्रण रहा। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी। वहीं 2024 में मई में रिकॉर्ड 250 गीगावाट और 2023 में सितंबर में सर्वाधिक 243.27 गीगावाट मांग दर्ज की गई थी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस वर्ष भीषण गर्मी का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि मई तथा जून में तापमान बढ़ने और लू चलने से एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों के बढ़ते उपयोग से बिजली की मांग और बढ़ेगी।

## गडकरी ने बीआरओ की सड़क परियोजनाओं के पूरा होने में देरी पर चिंता जताई



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा सड़क बनाने में हो रही देरी पर चिंता जताई। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में राजमार्ग परियोजनाओं के तेजी से निष्पादन के लिए प्रणाली को आधुनिक बनाने की जरूरत बतायी। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को निर्णय लेने की प्रक्रिया में और तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'पहले मुझे हिचकिचाहट महसूस होती थी, जब बीआरओ के अधिकारी वर्दी में मिलने आते थे। मैंने उनसे नागरिक वेशभूषा में आने का अनुरोध किया। रक्षा बलों की छवि क्या है - अनुशासित रहना और समय पर निर्णय लेना।' मंत्री ने कहा, 'सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क परियोजनाएं वर्षों से लंबित हैं, और परियोजनाओं की लागत भी बढ़ रही है।' बीआरओ रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्य करता है। वर्ष 1960 में स्थापित बीआरओ भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों और पड़ोसी देशों में सड़क नेटवर्क और रणनीतिक बुनियादी ढांचे का विकास और रखरखाव करता है। मंत्री ने यह भी कहा कि राजमार्ग मंत्रालय एक ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है जिसके तहत अधिग्रहित किए जा रहे भूखंडों पर बने घर की सही लागत तय की जा सके।

## न्यूज अपडेट

### खेल क्षेत्र में बौद्धिक संपदा आवेदन के लिए तीन साल तक नहीं लगेगा कोई शुल्क




**नयी दिल्ली:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को खेल क्षेत्र से संबंधित पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन जैसे बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के आवेदन शुल्क को तीन साल के लिए समाप्त करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में महानियंत्रक पेटेंट, डिजाइन और ट्रेड मार्क्स कार्यालय द्वारा एक अधिसूचना जारी की जाएगी। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2026 के अवसर पर उन्होंने कहा, ''आज से खेल को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष अभियान के तहत किसी भी आईपी के लिए - चाहे वह ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, पेटेंट, डिजाइन, पारंपरिक ज्ञान या जीआई उत्पाद हो - तीन साल तक शुल्क शून्य रहेगा।'' इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और उद्योग मंडल फिक्की द्वारा किया गया था। इस समय आईपीआर आवेदन शुल्क प्रकार और आवेदक इकाई (व्यक्तिगत, स्टार्टअप, छोटी फर्म या बड़ी कंपनी) के आधार पर भिन्न होता है। सरकार स्टार्टअप और व्यक्तियों के लिए उल्लेखनीय छूट देती है। यह शुल्क 500 रुपये से 60,000 रुपये के बीच होता है। गौरतलब है कि कश्मीर के विलो बैट के पास पहले से ही भौगोलिक संकेत (जीआई) प्रमाणन है। मंत्री ने यह भी कहा कि डीपीआईआईटी की एक योजना है, जिसके तहत विभाग आवेदन भरने के लिए सहायता देता है। गोयल ने कहा कि मंत्रालय तीन साल बाद इस शुल्क माफी की समीक्षा करेगा। उन्होंने सुझाव दिया कि खेल लीगों को अपने ट्रेडमार्क पंजीकृत कराने चाहिए। उन्होंने कहा, ''इससे उन्हें बेहतर मीडिया अधिकार पाने में मदद मिलेगी। यह आपके उत्पादों की फ्रेंचाइजी देने में भी मदद करेगा। यदि आपके मूल उत्पाद के पास आईपी है, तो आप इसे दूसरों को फ्रेंचाइजी दे सकते हैं और इसका मूल्य पा सकते हैं।'

### सोना 1,800 रुपये टूटा, चांदी 6,500 रुपये फिसली

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,800 रुपये टूटकर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जबकि चांदी 6,500 रुपये लुढ़ककर 2.44 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और मजबूत डॉलर के कारण वैश्विक सर्राफा बाजार पर असर पड़ा है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,800 रुपये यानी 1.15 प्रतिशत टूटकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर रहा। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 6,500 रुपये यानी लगभग तीन प्रतिशत टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को सोना तीन सप्ताह के निचले स्तर पर आ गया, क्योंकि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को बढ़ा दिया और लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों की आशंका को मजबूत किया।'' उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंका के कारण अधिक सख्त नीतिगत रुख की संभावना है। इससे बॉन्ड प्रतिफल में वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, यह स्थिति कीमतों पर अतिरिक्त गिरावट का दबाव डालती है। गांधी ने कहा कि कारोबारी अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत प्रमुख केंद्रीय बैंकों के निर्णयों से पहले अपने सौदों को कम कर रहे हैं। इससे कीमतों पर दबाव और बढ़ गया।

### राजमार्ग निर्माण में लगे श्रमिकों को लू से बचाने के लिए एनएचएआई ने जारी किए निर्देश



**नयी दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने ठेकेदारों और टोल वसूली करने वाली फर्मों को श्रमिकों के लिए चरणबद्ध कार्य-अवधि लागू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भीषण गर्मी में लू के प्रभाव को कम किया जा सके। एनएचएआई ने एक बयान में कहा कि काम के घंटे इस तरह निर्धारित किए जाएं कि श्रमिकों को अत्यधिक गर्मी वाले दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे के बीच काम न करना पड़े। प्राधिकरण ने दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनमें उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाले निर्माण स्थलों, रखरखाव के कामों और टोल प्लाजा के लिए जरूरी सुरक्षा नियमों की रूपरेखा दी गई है। बयान के मुताबिक, सबसे अच्छे तरीकों पर आधारित इन सुरक्षा उपायों को सभी ठेकेदार, रियायत पाने वाली और टोल वसूली एजेंसियां तत्काल लागू करेंगी, ताकि कर्मचारियों और मज़दूरों की भलाई सुनिश्चित की जा सके। एनएचएआई ने कहा, ''मजदूरों को माहौल के हिसाब से ढालने पर खास जोर दिया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि नए या काम पर लौटने वाले कर्मचारियों को तीन से पांच दिनों की अवधि में धीरे-धीरे मेहनतकश कामों में लगाया जाए।'' इसमें यह भी बताया गया कि मजदूरों को गर्मी से जुड़ी बीमारियों या स्वास्थ्य समस्याओं, जिनमें लू लगना भी शामिल है, की पहचान करने और उन पर प्रतिक्रिया देने के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

### डालमिया भारत का लाभ चौथी तिमाही में 10.2 प्रतिशत घटकर 394 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली:** सीमेंट बनाने वाली कंपनी डालमिया भारत लि. का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 10.25 प्रतिशत घटकर 394 करोड़ रुपये रहा। डालमिया भारत ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने इससे एक साल पहले 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 439 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफ़ा अर्जित किया था। कंपनी का परिचालन राजस्व मार्च 2026 को समाप्त तिमाही में 3.76 प्रतिशत बढ़कर 4,245 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्तवर्ष की इसी तिमाही में 4,091 करोड़ रुपये था। आलोच्य तिमाही में डालमिया भारत की बिक्री की मात्रा तीन प्रतिशत बढ़कर 83 लाख टन हो गई।

# मारुति सुजुकी का 14,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का लक्ष्य: चेयरमैन



**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रिकॉर्ड 14,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा है। कंपनी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में यह निवेश कर रही है। कंपनी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने मंगलवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान कहा कि हरियाणा के खरखौदा और गुजरात के हंसलपुर में नई उत्पादन लाइनें जोड़ी जा रही हैं, जिनकी कुल क्षमता सालाना पांच लाख वाहनों के उत्पादन की होगी। इससे खासकर छोटी कारों की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। भार्गव ने कहा, चालू वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय करीब 14,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो अब तक के वर्षों में सर्वाधिक है। यह वृद्धि नई विनिर्माण इकाइयों में निवेश के कारण है, जिसमें खरखौदा में विस्तार और गुजरात में नए संयंत्र पर काम शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन नई उत्पादन लाइनों से इस वित्त वर्ष में लगभग 2.5 लाख अतिरिक्त कारों का उत्पादन संभव होगा। भार्गव ने बताया कि कंपनी फिलहाल लगभग 100 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही है और उसके पास लंबित ऑर्डर भी है, जबकि डीलर स्तर पर स्टॉक काफी कम है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में उत्पादन क्षमता सीमित होने के कारण बिक्री प्रभावित हुई और वित्त वर्ष के अंत तक करीब 1.9 लाख ऑर्डर लंबित रह गए। इनमें से लगभग 1.3 लाख ऑर्डर छोटी कार वाले खंड के थे। डीलरों के पास औसतन केवल 12 दिन का स्टॉक था।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ चौथी तिमाही में 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने कहा कि शुद्ध लाभ में गिरावट मुख्य रूप से 'मार्क-टू-मार्केट' प्रभाव के कारण आई है। साथ ही गैर-परिचालन आय में कमी आई है जो बॉन्ड प्रतिफल में बदलाव के कारण है, जिसकी भरपाई बाद में की जा सकती है। मार्क-टू-मार्केट परिसंपत्तियों की स्थितियों का मूल्यांकन करने की एक विधि है जो उनकी मूल खरीद कीमत के बजाय वर्तमान बाजार मूल्य पर आधारित होती है। यह वित्तीय स्थिति का वास्तविक समय में 'उचित मूल्य' की स्थिति प्रदान करती है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चाथी तिमाही में परिचालन आय 28.2 प्रतिशत बढ़कर 52,462.5 करोड़ रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 40,920.1 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 48,125.3 करोड़ रुपये हो गया जो एक साल पहले इसी तिमाही में 37,585.5 करोड़ रुपये था।

## अनंत अंबानी की दरियाई घोड़ों को लेकर कोलंबिया से अपील, वनतारा में रखने का दिया प्रस्ताव



**नयी दिल्ली:** अनंत मुकेश अंबानी ने कोलंबिया से 80 दरियाई घोड़ों को मारने की योजना को स्थगित करने की अपील की है। इसके बजाय, उन्होंने इन जानवरों को भारत में अपनी वन्यजीव सुविधा 'वनतारा' में स्थानांतरित करने की अनुमति मांगी है। उन्होंने इस पूरे अभियान के वित्तपोषण और क्रियान्वयन की पेशकश भी की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और वनतारा के संस्थापक अंबानी ने कोलंबिया की पर्यावरण मंत्री आइरीन वेलेज टोरेस को लिखे एक पत्र में मैग्डेलेना नदी घाटी से गुजरात के जामनगर तक इन दरियाई घोड़ों (हिप्पोपोटामस) के वैज्ञानिकों की अगुवाई में स्थानांतरण का प्रस्ताव दिया है। दुनिया के सबसे बड़े वन्यजीव बचाव, देखभाल और संरक्षण केंद्रों में से एक वनतारा ने एक बयान में कहा कि अंबानी ने ''औपचारिक रूप से कोलंबिया सरकार से इस निर्णय को रोकने और एक मानवीय विकल्प पर विचार करने के लिए कहा है। इसके तहत एक सुरक्षित, वैज्ञानिक नेतृत्व वाला स्थानांतरण किया जाएगा, जो इन 80 जानवरों को जामनगर, गुजरात में वनतारा के स्थाई घर में ले आएगा।' कोलंबियाई अधिकारियों ने हाल ही में 80 दरियाई घोड़ों को घातक तरीके से हटाने (मारने) की मंजूरी दी है। ये उन जानवरों का हिस्सा हैं, जिन्हें 1980 के दशक में लाया गया था। अब तेजी से बढ़ती इनकी आबादी को जैव विविधता और स्थानीय समुदायों के लिए जोखिम के कारण 'आक्रामक' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है। उद्योगपति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने कहा कि वनतारा इन जानवरों के लिए पशु चिकित्सा विशेषज्ञता और जीवन भर देखभाल की सुविधा देगा। इसके लिए उनके प्राकृतिक आवास की नकल करते हुए विशेष रूप से एक सुविधा तैयार की गई है। अंबानी ने कहा, 'इन अस्सी दरियाई घोड़ों ने यह नहीं चुना था कि उनका जन्म कहां होगा और न ही उन्होंने वो परिस्थितियां पैदा की हैं, जिनका वे अब सामना कर रहे हैं।'

वर्ष 11, पूर्णांक 3577 अंक 043 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in